वर्ष-31, अंक- 256, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
03 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# गढ़वा में फोरलेन बाईपास उद्घाटन की तैयारी पूरी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन

- **हूर मैदान में होगा भव्य कार्यक्रम, सांसद वीडी राम की पहल से साकार हुई बहुप्रतीक्षित परियोजना**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के लिए बुधवार, 3 जुलाई 2025 का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। वर्षों से प्रतीक्षित एनएच-75 फोरलेन बाईपास परियोजना का उद्घाटन केंद्रीय सड़क, परिवहन, राजमार्ग और पोत परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हाथों गढ़वा के हूर मैदान में भव्य कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर लाने में पलामू सांसद वीडी राम की भूमिका अहम रही है। उन्होंने संसद और मंत्रालय स्तर पर इस बाईपास के निर्माण की सतत प्रयास की। क्षेत्रीय जनता की वर्षों पुरानी मांग को लेकर वे लगातार सक्रिय रहे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर गढ़वा जिले को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु इस बाईपास परियोजना को स्वीकृति दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। मंगलवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने कार्यक्रम स्थल हूर मैदान पहुंचकर सभी तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी समेत सभी तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण, टेंट और बैरिकेडिंग, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, अस्थायी शौचालय, साफ-सफाई, प्राथमिक उपचार, ट्रैफिक व पार्किंग प्रबंधन, अग्निशमन सेवा तथा साइनेज आदि तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को ससमय कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि चूंकि इस कार्यक्रम में गढ़वा सहित आस-पास के जिलों से बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे, यह आयोजन राज्य स्तरीय स्वरूप लेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी सतर्कता के साथ कर्तव्य निभाएं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंधन और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने को कहा। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने सभी दंडाधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को ब्रीफिंग देते हुए समय पर ड्यूटी स्थल पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, श्री बंशीधर नगर व रंका, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पथ निर्माण, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युत, नगर परिषद, पंचायत राज सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता व अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि इस फोरलेन बाईपास के निर्माण से गढ़वा शहर में ट्रैफिक का बोझ कम होगा। भारी वाहनों को शहर से बाहर डायवर्ट किया जा सकेगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी और समय की बचत संभव हो सकेगी। यह परियोजना गढ़वा जिले के आर्थिक, सामाजिक और विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## गढ़वा बाईपास उद्घाटन को लेकर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सख्त



**मेदिनीनगर/गढ़वा।** भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को गढ़वा पहुंचेंगे और 1129.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गढ़वा बाईपास फोरलेन सड़क का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम स्थल हूर गांव के समीप तैयार पंडाल में मंच और बैठने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद तैयारी की गई है। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण मंगलवार को पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, उपायुक्त दिनेश कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम में किसी तरह की व्यवधान न हो, इसके लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए हैं। शेष पेज 11 पर...

### केंद्रीय मंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- सुबह 10:30 बजे: दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचना
- सुबह 10:40 बजे: रांची से गढ़वा के लिए हेलिकॉप्टर से रवाना
- सुबह 11:40 बजे: गढ़वा हेलीपैड पहुंचना
- सुबह 11:45 बजे: कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान
- दोपहर 12:00 बजे: गढ़वा बाईपास सड़क का उद्घाटन व जनसभा
- दोपहर 1:00 बजे: गढ़वा हेलीपैड के लिए प्रस्थान
- दोपहर 1:15 बजे: रांची के लिए रवाना

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर आज जनता को होगा समर्पित



- **केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन**
- **नामकरण विवाद को लेकर सस्पेंस कायम**
- **ऐतिहासिक जाम से मिलेगी मुक्ति, मंत्री संजय सेठ के साथ रातू रोडवासी गदगद**

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद जाम से परेशान राजधानी वासियों को गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात के रूप में राहत मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन को लेकर पंडरा स्थित ओटीसी ग्राउंड में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब रांची के लोगों को इंतजार है, तो बस इस एलिवेटेड कॉरिडोर से होते हुए रातू रोड को पार करने का। उस जाम से मुक्ति पाने का, जिसके कारण नागाबाबा खटाल से पिस्का मोड़ तक करीब 2.5 किमी का सफर पूरा करने में आधा से 1 घंटे का समय लगता था, जो अब एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिए महज 5-7 मिनट में पूरा हो जाएगा। शेष पेज 11 पर...

# स्कार्पियो व मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन युवकों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

- **सिंगरा मोड़ के पास हुआ दर्दनाक हादसा, एक की मौत इलाज के दौरान**

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा मोड़ के समीप दरहा बाबा के पास बुधवार की देर शाम करीब 6:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियो और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने अस्पताल ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों में बीएन कॉलेज रोड, मेदिनीनगर निवासी सोनू कुमार शामिल है, जो स्कार्पियो वाहन चला रहा था। दूसरी ओर, मोटरसाइकिल सवार विजय यादव (उम्र 26 वर्ष), पिता- सीताराम यादव, पालहे गांव निवासी की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीसरा युवक स्वास्तिक उर्फ राजा की मौत रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में हो गई।

हादसे में रमन नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काले रंग की स्कार्पियो डालटनगंज की ओर आ रही थी, जबकि मोटरसाइकिल सवार पड़वा की ओर जा रहे थे। सिंगरा मोड़ के निकट स्थित दरहा बाबा स्थान के पास दोनों वाहनों में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, स्कार्पियो सवार युवक किसी का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। हादसे के बाद तीनों मृतकों के शव को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा वाहन को जब्त कर लिया गया है।

## जगन्नाथपुर मेला देखने जा रहे परिवार को ट्रक ने कुचला, दो मासूम व मां की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र में एक भयावह सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक मां और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो बाजार के पास हुई। जानकारी के अनुसार, परिवार सदस्य एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रथ मेला देखने जा रहे थे। नारो बाजार के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। उसी समय पीछे से आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने सभी को रौंद दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नगड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शवों को क जे में लेकर रिम्स भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को भी तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड के पास सड़क पर टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया।

## वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सिमलिया हाजी चौक पर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों की मांग थी कि आरोपी वाहन चालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ब्राउन शुगर गिरोह का पर्दाफाश, चार तस्कर गिरफ्तार

- **₹10.50 लाख नकद व 40 पुड़िया मादक पदार्थ बरामद, एसपी ने किया खुलासा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए ब्राउन शुगर के कारोबार में संलिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से करीब 40 पुड़िया ब्राउन शुगर और 10 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किया गया। इस पूरे अभियान की जानकारी पुलिस अधीक्षक हारीश बिन ज़मा ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी।

एसपी ज़मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि शहर के समीप लक्ष्मण नगर में ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना मिलते ही एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर लक्ष्मण नगर में दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखते ही एक युवक भागने लगा, जिसे शेष पेज 11 पर...

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**रांची।** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवारजनों को दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को पोस्ट कर लिखा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के शेष पेज 11 पर...

# गिरिडीह में कार से भिड़ी ट्रक तीन लोगों की मौत

- **2 लोगों का सिर उनके धड़ से अलग हो गया**




**गिरिडीह।** गिरिडीह में कार से भिड़ी ट्रक, 2 लोगों का सिर उनके धड़ से अलग हो गया; 3 की मौत झारखंड के गिरिडीह में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के बेंगाबाद में मंगलवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे मे तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। घटना बेंगाबाद गिरिडीह एनएच पथ पर दामोदरडीह के एक लाइन होटल के पास घटी। हादसे का मंजर बहुत ही भयावह था। दो शवों के सिर भी कट गए थे। हादसे को लेकर जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो लोगों के सिर उनके धड़ से अलग हो गए थे। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक और कार के बीच में जबरदस्त टक्कर हुई थी। कार मे सवार व्यक्तियों की हुई है मौत। मृतक जमुआ थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। कार से लोग महुआर आषाढ़ी पूजा मे शामिल होने जा रहे थे। कार बेंगाबाद से गिरिडीह और ट्रक गिरिडीह से बेंगाबाद की और जा रहा थी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। बड़ी मशक्कत के बाद फंसे शवों को बाहर निकाला गया। ट्रक और कार के बीच टक्कर में तीन लोगों की जान गई है। यह हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद दो लोगों के सिर धड़ से अलग हो गए। घटना के बाद जिस-जिसने यह मंजर देखा वो सिहर गया। घटना के बाद कार में फंसे शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया और उनको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# इंडिया | बीएनएस की सफलता के लिए साक्षर नहीं सक्षम ही सिपाही बनें



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

पिछले एक जुलाई, 2024 को औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को तीन आधुनिक विधियों -भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में जब बदला गया तो कई सवाल उठे । सरकार का कहना था कि इनका उद्देश्य एक दमनकारी नहीं सुधारात्मक नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सम्मिलित आपराधिक न्याय प्रणाली का निर्माण करना था। भारतीय न्याय संहिता ने संगठित अपराध, आतंकवाद, और भीड़ हत्या जैसे अपराधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है। हालांकि, कई प्रावधान आईपीसी से मिलते-जुलते हैं, पर यह निरंतरता और परिवर्तन के बीच संतुलन बनाने का एक व्यावहारिक तरीका माना जा रहा है।भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने प्रक्रिया संबंधी कानून में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। अब नागरिक जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर दर्ज कर सकते हैं तथा केस फाइलें और चार्जशीट डिजिटल रूप में तैयार की जा रही हैं। जांच अधिकारियों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे घटनास्थल से तुरंत साक्ष्य एकत्र और अपलोड कर सकें। उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी राज्यों में से है। राज्य के सभी 75 जिलों में मोबाइल फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं। ई-प्रॉसिक्यूशन प्रणाली, मालखानों का डिजिटलीकरण और पुलिस थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों की स्थापना जैसे उपाय सक्रिय रूप से लागू किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश 'ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल' के उपयोग में अग्रणी राज्य है। झारखंड सहित देश के अनेक राज्यों में बीएनएसएस के अंतर्गत मोबाइल फॉरेंसिक साइंस यूनिट्स का विस्तार प्रमुख सुधार है। साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) को उन्नत किया जा रहा है, ताकि वे साइबर अपराध और डीएनए परीक्षण जैसे जटिल मामलों की जांच कर सकें।भारतीय साक्ष्य अधिनियम डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप साक्ष्य कानून को अद्यतन करता है। अब ईमेल, मेटा डाटा, सीसीटीवी फुटेज, जीपीएस डाटा और यहां तक कि ब्लॉकचेन रिकॉर्ड को भी कानूनी साक्ष्य के रूप में मान्यता दी गई है। प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए हैश वैल्यू और डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य कर दिए गए हैं।अदालतें अब ई-गवाही व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विशेषज्ञ साक्ष्य स्वीकार कर सकती हैं। विशेष रूप से 22 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा विकसित ई-साक्ष्य एप को अपनाया है, जिससे डिजिटल साक्ष्य को संग्रहीत और प्रस्तुत करना सरल हो गया है। ये परिवर्तन ई-कोर्ट्स परियोजना की बुनियाद पर निर्मित हुए हैं, जिसके तहत करीब 18,000 अदालतों का डिजिटलीकरण किया गया है।सुधारों की दिशा में ठोस प्रगति हुई है, पर कुछ चुनौतियां भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी और इंटरनेट कनेक्टिविटी की असमानता कई बार बाधा बनती है। फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं सीमित हैं और अदालतों तथा पुलिस स्टेशनों में कर्मचारियों की कमी भी एक गंभीर विषय है। एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2022 के बीच साइबर अपराधों में 24.4 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो उच्च तकनीकी अपराधों से निपटने के लिए संसाधनों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को दर्शाता है। बीएनएसएस के अंतर्गत गवाह संरक्षण नियमों को राज्य स्तर पर तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें पहचान छिपाने, स्थानांतरण और वीडियो गवाही की सुरक्षित व्यवस्था हो। प्रत्येक जिले में फॉरेंसिक सुविधा के लिए मोबाइल और स्थायी, दोनों प्रकार की प्रयोगशालाएं स्थापित की जानी चाहिए। साथ ही, एक राष्ट्रीय डिजिटल अनुपालन डैशबोर्ड बनाया जा सकता है, जो एफआईआर, जांच की प्रगति व रिमांड की प्रक्रिया पर निगरानी रखे। अंततः विधिक साक्षरता अभियान हो, जो नागरिकों का इसके बारे में जागरूक करे।भारत के नए आपराधिक कानून एक सकारात्मक और सुविचारित बदलाव का प्रतीक हैं।प्रौद्योगिकी का समावेश, प्रक्रियात्मक सुधार और नागरिक अधिकारों पर केंद्रित दृष्टिकोण इस परिवर्तन को व्यावहारिक बनाते हैं। पहले वर्ष में एक मजबूत आधार स्थापित हो चुका है; अब जरूरत इन्हें और मजबूती से आगे बढ़ाने की है। यदि यह यात्रा प्रशिक्षण, निवेश और नीति समर्थन से सशक्त की जाए, तो भारत की न्याय प्रणाली वास्तव में अधिक तेज, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बन सकती है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी। नए कानून में 90 दिन में जांच, चार्जशीट और फैसले की समयसीमा तय की गई है, जिससे लोगों में 'एफआईआर से तुरंत न्याय' मिलेगा, ऐसा विश्वास बढ़ेगा। गृह मंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए अलग अध्याय बनाया गया है और आतंकवाद व संगठित अपराध पर सख्त सजा का प्रावधान है। नए कानून का 14.80 लाख पुलिसकर्मियों, 42 हजार जेल कर्मियों और 19 हजार जजों को प्रशिक्षण दिया गया।झारखंड में आवश्यकता इस बात की भी है कि साक्षर सिपाही के बजाय साइबर ज्ञानी सिपाहियों की बहाली की जाए और पारदर्शिता के साथ समयबद्धता अनिवार्य किया जाए ।



# भारत मां के वीर बांकुरे

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**पद्मा प्रसाद "विन्देश्वरी"**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि हमारी एयरफोर्स अब हाई स्टैंडर्ड पर पहुँच चुकी है। हम इसे भूल नहीं सकते बल्कि हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है , जिन्होंने हमारे लिए त्याग किया है। इस महान कार्य की सफलता के लिए मैं सभी जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देती हूँ। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का ऐसा करारा जवाब आप सबने दिया है जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। मैं उन सभी योद्धाओं के साहस, शौर्य को नमन करती हूँ। आप हमेशा अपने मनोबल को बनाए रखें ताकि भविष्य के खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब दे सके ।माँ भारती को आप जैसे वीर सपूतों की शारीरिक और मानसिक शक्ति और क्षमता पर पूर्ण विश्वास है । अतः अपने इस अमूल्य धरोहर को कभी नहीं खोना, पूरा देश आपके साथ है।

आतंकी की नीच नीति है,खुलकर तुम करना प्रतिकार ।
उठकर वीरों वार करो अब,हिम्मत तुमको मिले अपार॥
संयम रखना बहुत कठिन है,व्यर्थ नहीं तुम्हारे काम।
क़सम तिरंगे की तुमको है, दुश्मन का हो काम तमाम॥

# लगातार बारिश से पर्यटक स्थल में लौटी हरियाली



### ▸ सावनी सोमवारी को लेकर सफाई अभियान शुरू

**भीमचुल्हा पार्क की सुंदरता निखरी, शिवभक्तों के स्वागत की तैयारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लगातार बारिश से ऐतिहासिक भीमचुल्हा पर्यटक स्थल की हरियाली लौट आई है, जिससे पूरे क्षेत्र की रौनक बढ़ गई है। यहां स्थित शिव मंदिर में सावन की प्रत्येक सोमवारी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इसको लेकर पुजारी सह प्रहरी गंगा तिवारी के नेतृत्व में उनके सहयोगी सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों द्वारा पार्क की सफाई और खरपतवार हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि की संभावना को देखते हुए यह विशेष पहल की गई है। लोग यहां स्थित 25 फीट ऊंची टावर से भीमबराज के पहाड़ी दृश्य और प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन करते हैं। गर्मी के दौरान सूखा पड़ा यह इलाका अब हरियाली से लहलहा रहा है और वातावरण आनंददायक हो गया है।

# अग्निशामक कार्यालय जलजमाव से जूझ रहा, कर्मचारी परेशान

**● बारिश और नाली के गंदे पानी ने परिसर को बनाया जलाशय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लगातार बारिश के चलते हुसैनाबाद स्थित अग्निशामक कार्यालय परिसर जलजमाव का शिकार हो गया है। परिसर में इतना पानी भर गया है कि जमीन दिखाई नहीं देती, जिससे कार्यालय का



संचालन भी बाधित हो रहा है। कर्मियों ने बताया कि बारिश के पानी से वाहन तक डूब चुके हैं, और परिसर में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना हुआ है। अन्य विभागों के कर्मी भी इसी भवन में कार्यरत हैं और भयभीत हैं। कर्मचारियों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके।

## डॉक्टर्स डे पर भाजपा ने किया चिकित्सकों का सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर हैदरनगर में क्षेत्र के कई चिकित्सकों को भाजपा नेत्री अधिवक्ता मधुलता रानी और किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि पर आयोजित इस दिन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक धरती पर भगवान के समान होते हैं और उन्हें हर परिस्थिति में सेवा और कर्तव्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों से मधुर व्यवहार और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. अखिलेश, डॉ. प्रीति, डॉ. संतोष, डॉ. मनोज मिश्रा, पीएन सिंह, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. रवि, डॉ. विनय कुमार राम और डॉ. विनेश राम शामिल हैं।

### शहीद भगत सिंह कॉलेज, जपला में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**तीनों संकायों में 2025-27 सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ**

**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय, जपला में सत्र २०२५-२७ के लिए विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों संकायों में नामांकन की प्रक्रिया बुधवार, ३ जुलाई से शुरू हो गई है। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रेमनाथ ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय अवधि में आकर महाविद्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में कॉलेज का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें विज्ञान संकाय में ९९.६%, वाणिज्य में 100% और कला संकाय में ९0% विद्यार्थी सफल रहे।

# हुसैनाबाद में 29 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**▸ 12 सौ से अधिक मतदाता वाले बूथों के पुनर्गठन की तैयारी**

**हुसैनाबाद।** अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक की। इसमें बूथ पुनर्गठन और नए बूथ निर्माण की दिशा में विस्तार से चर्चा की गई। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि वर्तमान में अंचल में कुल 138 मतदान केंद्र हैं। लेकिन 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों को देखते हुए आगामी चुनाव को लेकर 29 नए बूथों का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा रहा है। प्रस्तावित नए बूथों में निम्नलिखित विद्यालय शामिल हैं: नहर कॉलोनी उच्च विद्यालय, बक्सी उच्च विद्यालय, जपला चौबे प्राथमिक विद्यालय, बेनिकला उच्च विद्यालय, कुशा नारायणपुर प्राथमिक विद्यालय, अलीनगर मध्य विद्यालय, कोशी प्राथमिक विद्यालय, बैराव उच्च विद्यालय, बसडीहा प्राथमिक विद्यालय, संड़ा उच्च विद्यालय, खडारपर प्राथमिक विद्यालय, पथरा खुर्द उच्च विद्यालय, झरगड़ा मध्य विद्यालय, अवर निबंधन कार्यालय, गम्हरिया मध्य विद्यालय, देवरी, हार्वे, बडेपुर, खरडीहा, मलवारिया, बसारी आदि। इस दौरान सुपरवाइजर आशीष रंजन, एहसान अली, अभिनेष सिंह और जीपीएस फेकन राम सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

### मुख्य नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों में बढ़ी चिंता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय भीमबराज जलाशय से मुख्य नहर में समय पर पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। 26 जून को एक बार 271 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जिसके बाद किसानों ने धान की बिचड़ा बोआई शुरू कर दी थी। लेकिन उसी रात जलप्रवाह रोक दिया गया। हालांकि कोयल नदी में 30 हजार क्यूसेक तक जल प्रवाहित किया जा रहा है और भीमबराज जलाशय में पर्याप्त जलराशि उपलब्ध है, फिर भी मुख्य नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। 3 जुलाई को इस पर उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया जाना है। इससे पूर्व 1 जुलाई को पानी छोड़ने की संभावना थी, जो पूरी नहीं हुई।

## बारिश ने दूर की पशुपालकों की चारे की समस्या, खेतों में उगी हरियाली से मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हाल की लगातार बारिश ने पशुपालकों को बड़ी राहत दी है। जहां गर्मी के दौरान उन्हें मवेशियों के लिए सूखा चारा महंगे दामों पर खरीदना पड़ता था, वहीं अब गांव-परिवार के आसपास ही हरे-भरे घास उपलब्ध हो गए हैं। पहले उन्हें मवेशियों को दूर कोयल नदी किनारे चराने ले जाना पड़ता था, लेकिन अब घर के समीप ही चारागाह उपलब्ध है। पशुपालकों का कहना है कि भीषण गर्मी में उन्हें बिहार से सूखा चारा मंगवाना पड़ता था, जिसकी कीमत करीब 700 रुपये प्रति क्विंटल थी। इससे दूध उत्पादकों और ग्रामीण पशुपालकों दोनों को आर्थिक दबाव सहना पड़ता था। अब बारिश के चलते चारे की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए चार दिनों में जमा करें आवेदन

**मोहम्मदगंज।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत दीर्घकालिक बीमारी, दुर्घटना या असाध्य रोगों से पीड़ित लाभुकों को 3,000 से 25,000 रुपये तक की सहायता राशि दी जा रही है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने जानकारी दी कि योग्य लाभुकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ 4 दिनों के भीतर आवेदन जमा करना होगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे लाभुकों के आवेदन तय समय पर कार्यालय में जमा कराएं। प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी ने भी पंचायत प्रतिनिधियों से समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए।

### छतरपुर अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार, जमीन विवादों का हो रहा समाधान



**छतरपुर (पालामू)।** छतरपुर अंचल कार्यालय में सोमवार को सीओ उपेन्द्र कुमार की अगुवाई में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से जुड़े छोटे विवादों को त्वरित रूप से हल किया गया। सीओ ने बताया कि सिविल कोर्ट से जुड़ी मामूली जमीन समस्याओं को अंचल स्तर पर ही सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को अनावश्यक न्यायालय के चक्कर न लगाने पड़ें। दरबार में दर्जनों लोगों की कागजातों की जाँच की गई और कुछ मामलों में तत्काल समाधान भी किया गया। मौके पर छतरपुर थाना के एसआई अनिल कुमार, सीआई अमरकांत कुमार, कैथल कुमार समेत अंचल कर्मी मौजूद रहे।

### बिना आवास निर्माण के निकाली गई सरकारी राशि, मुखिया ने की जांच की मांग

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत अंतर्गत पिपरडीह गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिना निर्माण कार्य किए सरकारी राशि की निकासी का मामला सामने आया है। पंचायत के वर्तमान मुखिया विनोद कुमार सिंह ने बीडीओ को पत्र लिखकर जानकारी दी कि लाभुक श्याम नारायण पाल ने वर्ष 2019-20 में अपने भाई के पुराने मकान का जियो टैग करा कर पूरी राशि निकाल ली। योजना का पंजीकरण संख्या खल-1279796 है। मुखिया ने आरोप लगाया कि इस मामले में तत्कालीन मुखिया और पंचायत सचिव की संलिप्तता भी संदिग्ध है। उन्होंने बीडीओ से आग्रह किया कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों से राशि की वसूली की जाए। अन्यथा वे उपायुक्त से भी शिकायत करेंगे। बीडीओ सुनील वर्मा ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी का नाम शांति भंग सूची में, व्यापारियों में रोष

**हैदरनगर।** थाना से मुहर्रम पर्व के मद्देनजर अनुमंडल न्यायालय को भेजी गई शांति भंग करने वालों की 16 लोगों की सूची में प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी फैयाज खलीफा का नाम शामिल किए जाने से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। खलीफा ने प्रशासन की इस कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अपनी दुकान तक ही सीमित रहते हैं और किसी जलसा या जुलूस में शामिल नहीं होते। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई को 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस उन्हें उसी दिन 11:30 बजे मिला, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो कभी पुलिस के पास गए हैं, न ही उनके खिलाफ कोई पूर्ववर्ती मामला दर्ज है। उन्होंने मांग की है कि उनका नाम सूची से तुरंत हटाया जाए, अन्यथा वे उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायत करेंगे। मामले में थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कुछ भी बताने से इनकार किया है।

### महुआरी से सुल्तानी तक सड़क बदहाल, बरसात में चलना हुआ जोखिम भरा

**नौडीहा।** प्रखंड के महुआरी से सुल्तानी तक की आरईओ सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि यह सड़क लगभग 15 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई थी, लेकिन तब से अब तक कोई मरम्मती कार्य नहीं हुआ।



यह मार्ग झारखंड के नौडीहा से बिहार के डुमरिया, औरंगाबाद तक लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन है। बरसात में बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग से होकर माइंस क्षेत्र के भारी वाहनों की भी आवाजाही होती है, फिर भी जनप्रतिनिधि और प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने छतरपुर और हरीहरगंज विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की है। इसके निर्माण से दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

# बकाया मानदेय भुगतान को लेकर जलसहियाओं ने उठाई आवाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में बुधवार को आयोजित स्वच्छता बैठक में जलसहियाओं ने कई माह से लंबित मानदेय भुगतान को लेकर गंभीर चिंता जताई। आरती देवी, गीता देवी, रिंकी देवी, निर्मला देवी, सबीना खातून, सुनैना आदि जलसहियाओं ने कहा कि वे जल संकट और स्वच्छता संबंधी जनहित कार्यों में पूरे समर्पण से कार्य कर रही हैं, बावजूद इसके उन्हें समय पर पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्मी में प्यासे रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया, लेकिन सम्मानजनक पारिश्रमिक से वे वंचित हैं। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि विभागीय स्तर पर इस विषय की जानकारी भेजी गई है और मोबाइल ऐप प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी भागीदारी और बढ़ाई जाएगी। बैठक में पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, गुलशन आरा, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बकाया भुगतान की मांग की।

# फुट ओवरब्रिज निर्माण अधर में रेल लाइन पार करना जोखिम भरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के बावजूद मोहम्मदगंज में फुट ओवरब्रिज का निर्माण अब तक अधूरा है। इससे यात्री, स्कूली बच्चे और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर हैं। मालगाड़ी खड़ी रहने की स्थिति में नीचे से या ऊपर से निकलना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के निर्देश के बावजूद ब्रिज का पूरब दिशा में विस्तार अब तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि यह ब्रिज बन जाने से रामनगर, राजनडीह, नदीपर जैसे गांवों से स्कूल, बाजार, श्मशानघाट तक का आवागमन सुरक्षित हो जाएगा। पर्यटकीय विकास की संभावनाएं: स्थानीय स्तर पर लकड़ही पहाड़ी, सीताचुंआं, गोलापत्थर जैसे पर्यटन स्थलों तक भी सुगम आवागमन होगा, जिससे पर्यटन को बल मिलेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।



**◂◂ नए प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए लोग जान जोखिम में डालने को विवश**

### यादव महासभा ने इटावा की घटना की की तीखी निंदा

**हरिहरगंज (पलामू)।** स्थानीय मोतीराज इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को अखिल भारतीय यादव महासभा की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश के इटावा में कथित यादव कथावाचक के साथ हुए अमानवीय व्यवहार की कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में जातिगत भेदभाव खत्म हो। सभी वक्ताओं ने शिक्षा के प्रति जागरूकता और सामाजिक एकता के संकल्प को दोहराया। बैठक में मार्गदर्शन मंडल के सदस्य बुधन सिंह यादव, रामजतन यादव, योगेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। अन्य प्रमुख उपस्थितजनों में महेंद्र यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, मलू यादव, ललन यादव, कपिल यादव, चंदन, पवन, शिवनाथ, सुशील, धीरेंद्र आदि शामिल रहे।

**बैठक** | छतरपुर थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# एसडीपीओ ने दिए कड़े निर्देश, सोशल मीडिया पर नजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** मोहर्रम को लेकर छतरपुर थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने किया। एसडीपीओ ने सभी ताजिया कमेटियों से अपील की कि वे अपने निर्धारित रूट और समयसीमा में जुलूस निकालें। उन्होंने बताया कि पुलिस हर मोड़ पर तैनात रहेगी और किसी भी अफवाह या समस्या की सूचना तत्काल दी जाए। सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है, अफवाह फैलाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बैठक में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, घनश्याम मिश्रा, जहीर अंसारी सहित विभिन्न समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित थे। ताजिया कमेटियों ने भी प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे सभी निर्देशों का पालन करेंगे।

### छतरपुर खाटीन में निकाला गया मोहर्रम का पांचवी का जुलूस



**छतरपुर (पलामू)।** मोहर्रम के अवसर पर छतरपुर के खाटीन इलाके में पांचवी का जुलूस पूरे धार्मिक श्रद्धा और परंपरा के साथ निकाला गया। यह जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर सरफुद्दीन चौक से होते हुए कर्बला पहाड़ी पहुंचा, जहां से मीठी लेकर लौटकर चौक पर निशान रखा गया। जुलूस में ह्यदि हुसैन कमिटीह्ल के युवाओं ने मसीहा, महातम, लाठी-डंडा का प्रदर्शन किया। देर रात जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में असगर हुसैन, खालिद राजा, असलम हुसैन, चांद फिरोज, गुलाम मुस्तफा, अख्तर हुसैन, हाफिज तौहीद, ताहिर अब्बासी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई।

# आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**◂◂ मनरेगा योजनाओं के प्रचार और किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत बुधवार को हैदरनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 12 पंचायतों से मुखिया प्रतिनिधि, मनरेगा लाभुक व स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले में प्रतिभागियों ने आम के विभिन्न प्रजातियों को प्रस्तुत किया और मनरेगा के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रंधीर कुमार जयसवाल, मनरेगा संघ अध्यक्ष




मणिशंकर मिश्रा, कनिय अभियंता बृजलाल यादव सहित अनेक पदाधिकारी और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## जिला सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# कुछ राजनीतिक व पूर्व पदाधिकारियों की सुरक्षा में कटौती का निर्णय

- निजी अंगरक्षक आवंटन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, अद्यतन सूची तैयार करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में निजी अंगरक्षक प्रदान करने हेतु प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि निजी अंगरक्षक की मांग करने वाले व्यक्तियों के आवेदन की गंभीरता से समीक्षा की जाए। आवश्यकता के अनुसार ही निशुल्क अथवा सशुल्क अंगरक्षक दिए जाएं। कुछ पूर्व पदाधिकारियों एवं राजनीतिक व्यक्तियों की सुरक्षा में कटौती करने का भी निर्णय समिति द्वारा लिया गया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला सुरक्षा समिति द्वारा अब तक आवंटित अंगरक्षकों की अद्यतन सूची तैयार कर समर्पित की जाए। साथ ही, जिन व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से सुरक्षा प्रदान की गई है, उस पर पुनः विचार कर यथोचित कार्रवाई की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सामान्य शाखा उप समाहर्ता रश्मि रंजन, विशेष शाखा के डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अंगरक्षक से जुड़ी नीतियों, सुरक्षा प्राथमिकता और जिले की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# एनडीपीएस मामले में दो दोषियों को 10 वर्ष की सजा, एक लाख रुपये जुर्माना भी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर आरोप सिद्ध होने के बाद यह फैसला सुनाया गया। दोषियों की पहचान मनातू थाना क्षेत्र के पकरियाडी गांव निवासी सिकंदर उर्फ गुड्डू और नावाजयपुर थाना क्षेत्र के दीपक कुमार उर्फ बिजली के रूप में हुई है। दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(सी) के तहत दोषी ठहराया गया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर वे निर्धारित समय पर जुर्माना अदा नहीं करते हैं तो उन्हें एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### जिला न्यायालय का सख्त रुख

अदालत ने फैसले में कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी समाज के लिए अत्यंत गंभीर खतरा है और ऐसे मामलों में कठोर सजा देकर नजीर पेश करना आवश्यक है, जिससे समाज में भय और कानूनी चेतना उत्पन्न हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अफीम जैसे प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती।

**क्या था मामला ? :** यह मामला नावाजयपुर थाना कांड संख्या 24/2021 से जुड़ा है, जिसकी प्राथमिकी तीन अगस्त 2021 को दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी थाना प्रभारी रंजन कुमार द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 17, 18 और 22 के तहत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी।

थाना प्रभारी के अनुसार, 2 अगस्त 2021 की रात 9 बजे ग्राम बंदुवा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। मोटरसाइकिल पर सवार दीपक कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलोग्राम अफीम जैसा पदार्थ और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अफीम को तस्करी के उद्देश्य से मोटरसाइकिल से ले जाया जा रहा था। जब्त सामग्री की फॉरेंसिक जांच में पुष्टि हुई कि वह असली अफीम ही था।

पुलिस द्वारा की गई तफ्तीश और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और यह सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सशक्त गवाही और ठोस साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध हुआ।

# एमकेडीएवी में प्रतिभा सम्मान समारोह, नीट व बोर्ड के टॉपर्स को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें नीट 2025 के सफल छात्रों के साथ-साथ 12वीं और 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल अरुण बारा (एओ 144वीं बटालियन एनसीसी पलामू) एवं विशिष्ट अतिथि नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक जयकुमार और गुरवीर सिंह मौजूद थे। सभी का स्वागत तिलक और बुके देकर किया गया।

नीट में चयनित छात्रों में सागर कुमार (512 अंक), अभिषेक रंजन (530 अंक), मुस्कान (551 अंक) और शिवानी गिरी (554 अंक) शामिल रहीं। 12वीं विज्ञान संकाय में आयूषी त्रिपाठी और प्राची त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमन यादव (95.02%) दूसरे स्थान पर और ऋचा श्रावणी (94.02%) तथा वर्तिका साह (94.2%) तीसरे स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय में अदिति प्रिया (94.8%) प्रथम, शिवांगी दुबे और आकृति अग्रवाल (93%) संयुक्त रूप से द्वितीय, दिया राज (89.8%) और राजनंदिनी कुमारी (89.2%) तृतीय स्थान पर रहीं।

10वीं कक्षा में आदित्य कुमार तिवारी ने 97.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनामिका कुमारी (96%) द्वितीय, क्षितिज अग्रवाल (95%) तृतीय, हिमांशु शेखर वर्मा (94.6%) और सौम्या (94.4%) चतुर्थ स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा कि छात्र अनुशासन के साथ अध्ययन करते हैं और शिक्षक अत्याधुनिक तकनीक के सहारे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे यह परिणाम संभव हो सका है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी करण ने किया। मौके पर शिक्षकगण सीएस पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, एके पांडे, कन्हैया राय, जितेंद्र तिवारी, तुषार घोष, आरके चौबे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनकर उपायुक्त ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

- पेंशन, आधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति विवाद, शिक्षा और मुआवजे से जुड़े मामलों पर हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दरबार में कई संवेदनशील और वर्षों से लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

सिंदुरिया ग्राम चट्टी निवासी 83 वर्षीय अंजनी देवी के पोते ने उपायुक्त को बताया कि उनकी दादी का वृद्धावस्था पेंशन आधार नहीं होने के कारण दो वर्षों से बंद है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बावजूद अब तक आधार कार्ड नहीं बन सका है, जबकि दादी की दवा और जरूरतें इसी पेंशन पर निर्भर हैं। इसपर उपायुक्त ने यूआईडी शाखा के डीपीओ उदय सिंह को मौके पर बुलाकर आवेदन सौंपा और एक सप्ताह के भीतर आधार बनवाने का निर्देश दिया।

वहीं सतबरवा से आयी अर्चना कुमारी ने बताया कि उनकी मां की मृत्यु 2003 में सदर अस्पताल में हुई थी। अस्पताल द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र को बैंक द्वारा अमान्य बताते हुए फिक्स्ड राशि निकासी में अस्वीकार कर दिया गया है। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को मामला सौंपते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। रेड़मा से एक महिला ने अपने पति की रेल हादसे में हुई मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष द्वारा संपत्ति बेच देने और उन्हें वंचित रखने की शिकायत की। उपायुक्त ने उन्हें सदर अंचल कार्यालय से रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चियांकी निवासी रामआशीष कुमार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपनी बेटी रुपाली के नामांकन के लिए अनुरोध किया। इस पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि 1999 में उग्रवादियों द्वारा उनके पिता की हत्या कर दी गई थी, परंतु अब तक सरकार द्वारा मुआवजा या नौकरी नहीं दी गई। उपायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। उंटारी रोड से आये विजय प्रताप सिंह ने मनरेगा योजना में उनके नाम के फर्जी उपयोग की शिकायत की। उपायुक्त ने बीडीओ से जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दरबार में भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता अवरोध, अपात्र लाभुकों को पीएम आवास, दाखिल-खारिज, स्वास्थ्य, राजस्व, पेयजल, आपूर्ति, शिक्षा व कल्याण विभाग से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों को समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

# निगम क्षेत्र में 1 से 31 जुलाई तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष स्वच्छता और जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य मानसून के दौरान जलजनित और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम करना है।

यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन अर्बन के तहत "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" नाम से चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार, इस दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम हेतु नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था सुधार, फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि यह अभियान केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर और आसपास सफाई रखें और मच्छरों के पनपने से रोकने में सहयोग करें। मेदिनीनगर नगर निगम इस अभियान को प्रत्येक वार्ड में सघन रूप से चलाएगा। सामुदायिक सहयोग से यह प्रयास किया जा रहा है कि जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले मानसूनी प्रभाव को न्यूनतम किया जाए। निगम द्वारा स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्वच्छता कर्मियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# मोहर्रम की तैयारी जोरों पर, ताजिया निर्माण में जुटे कलाकार

- शहर के विभिन्न मोहल्लों में धार्मिक उत्साह, सौहार्दपूर्ण माहौल में निकलेंगे जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संघर्ष और कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व को लेकर मेदिनीनगर में तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। शहर की विभिन्न मोहर्रम कमेटियाँ आकर्षक ताजिया के निर्माण में जुटी हैं, वहीं कई स्थानों पर कुशल कलाकारों द्वारा ताजिया बनवाया जा रहा है। धार्मिक उलेमा, सामाजिक संगठन एवं समाज के प्रबुद्ध लोग पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए जनजागृति अभियान चला रहे हैं।

नगर के छहमुहान, कुंड मोहल्ला, पहाड़ी मोहल्ला, नवाटोली राइन मोहल्ला सहित कई स्थानों पर मोहर्रम का झंडा लगाया जा चुका है। 'जेनरल के सदर' महताब आलम के अनुसार, नावाटोली राइन मोहल्ला, धोबी मुहल्ला, सब्जी बाजार, कुंड मोहल्ला, सुदना, बैरिया, सिंगरा, मुस्लिम नगर, हुसननगर, झोपड़पट्टी और शाह मोहल्ला में मुहर्रम को लेकर विशेष तैयारियाँ चल रही हैं।

शहरी क्षेत्र में कर्बला हुसैन कमेटी, नवजवान कमेटी सब्जी बाजार, तारा सितारा हुसैन कमेटी, केजीएन कमेटी, शाने हुसैन कमेटी, नूरे हुसैन कमेटी, शहादत हुसैन कमेटी, नवजवान इस्लामिया कमेटी और नवजवान हवारी कमेटी जैसे संगठन इस आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हैं।

प्रशासन द्वारा संवेदनशील इलाकों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आपसी भाईचारे की अपील की जा रही है। वहीं सामाजिक संगठन युवाओं को पर्व को संयम और शांति से मनाने को प्रेरित कर रहे हैं।

हर वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। पर्व के दौरान शहर के मुख्य बाज़ारों में मेला जैसा दृश्य होता है, जिसमें महिलाओं, बच्चों और युवाओं की भागीदारी खास तौर पर देखने को मिलती है।

# मुहर्रम को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



- पुलिस-प्रशासन और दोनों समुदायों ने सौहार्दपूर्ण पर्व आयोजन पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, सदर सीओ, सहायक नगर आयुक्त, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार समेत दोनों समुदायों के प्रतिनिधि और कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

बैठक में पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जिसान खान ने प्रशासन के समक्ष कई सुझाव रखे। उन्होंने मुहर्रम के तीन दिन शराब दुकानों को बंद रखने, जुलूस मार्गों पर महिला पुलिस की तैनाती, बिजली व्यवस्था, ड्रोन कैमरे से निगरानी, पानी टैंकर और एम्बुलेंस की व्यवस्था सहित सड़क के गड्ढों को भरने की मांग की।

सहायक नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का समाधान 6 जुलाई तक कर लिया जाएगा। सीईओ सागर ने कहा कि जमीनी स्तर की समस्याओं को समाज और प्रशासन मिलकर सुलझाएं। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने जानकारी दी कि पिछले कई वर्षों से यहां कोई अशांति नहीं हुई है। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए डीजे पर प्रतिबंध की बात दोहराई। एसडीओ सुलोचना मीणा ने कहा कि मेदिनीनगर में उन्होंने बीते एक साल में रामनवमी, दुर्गापूजा और होली जैसे पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते देखा है। प्रशासन इस बार के मुहर्रम को और बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए तत्पर है।

# शायद कोई छुपी प्रतिभा पलामू की पहचान बन जाए : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में पलामू की धरती को नई दिशा देने की एक पहल के तहत, कांग्रेस भवन के समीप बुधवार को अत्याधुनिक "धुन म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो" का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने फीता काटकर स्टूडियो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अब शहर के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए रांची या पटना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह नया स्टूडियो पूरी तरह साउंडप्रूफ है और यहां कम लागत में बेहतर गुणवत्ता के साथ गीत-संगीत रिकॉर्ड किए जा सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी स्टूडियो से निकली कोई आवाज भविष्य में पलामू की पहचान बन सकती है। पूर्व महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे शहर में आधुनिक शोरूम और सेवाएं स्थापित हो रही हैं, वैसे-वैसे युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने स्टूडियो संचालक प्रदीप कुमार 'बाबूल' और उनके पुत्र राहुल को बधाई देते हुए कहा कि बाबूल और राहुल हमेशा कुछ नया सोचते हैं, और यह स्टूडियो उनकी सकारात्मक सोच का परिणाम है। इससे न केवल युवाओं को मंच मिलेगा बल्कि उनके भीतर छुपी संभावनाओं को उड़ान भी मिलेगी। स्टूडियो उद्घाटन के मौके पर शहर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें राजू, अविनाश वर्मा, कृष्ण अग्रवाल, रिंकू दुबे, डिंपल, विजय ओझा, सुधांशु, अरविंद गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, राजदेव उपाध्याय, अमिताभ मिश्रा, राजहंस अग्रवाल, नवीन पांडे सहित अन्य व्यवसायी शामिल थे।

## बिना हेलमेट, लाइसेंस व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई, 13 बाइक व एक कार जब्त

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक क्षेत्र में मंगलवार को जिला परिवहन विभाग व शहर थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यातायात जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा तीन सवार (ट्रिपल राइडिंग) कर रहे दोपहिया चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के क्रम में कुल 13 दोपहिया वाहन तथा एक चारपहिया वाहन जब्त की गई। इसके अतिरिक्त एक दोपहिया वाहन चालक को नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, जिसकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। सभी जब्त वाहनों को शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जिला परिवहन कार्यालय, पलामू द्वारा सभी वाहनों के चालकों के विरुद्ध नियम उल्लंघन पर चालान किया गया है। 2 जुलाई 2025 को जारी चालान के अनुसार सात दोपहिया वाहनों पर कुल 7,000 की फाइन राशि निर्धारित की गई है। जांच अभियान के दौरान परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि आगे भी यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों की अनदेखी न सिर्फ खुद की, बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरनाक है।

# मुख्य डाकघर में उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़, पोस्टल ऑर्डर खत्म

- चतुर्थ वर्गीय बहाली के लिए अभ्यर्थियों को भारी कठिनाई, डाक विभाग से नहीं मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय बहाली को लेकर मुख्य डाकघर में बुधवार को भी अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पोस्टल ऑर्डर की खरीदारी के लिए अभ्यर्थियों को सुबह से लाइन में लगना पड़ा, लेकिन दोपहर बाद पोस्टल ऑर्डर खत्म होने की सूचना मिलने के बाद भीड़ में मायूसी छा गई। जानकारी के अनुसार जिले भर से सैकड़ों अभ्यर्थी मेदिनीनगर के मुख्य डाकघर पहुंचे थे। अधिकांश दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए थे। पोस्टल ऑर्डर की अनिवार्यता के कारण लाइन में घंटों इंतजार के बाद भी कई अभ्यर्थियों को खाली हाथ लौटना पड़ा। अभ्यर्थियों ने बताया कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि में सिर्फ तीन दिन शेष हैं। ऐसे में पोस्टल ऑर्डर की अनुपलब्धता से आवेदन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही है। साथ ही RTI आवेदन और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रक्रियाएं भी प्रभावित हो रही हैं। पोस्टमास्टर रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टल ऑर्डर की मांग उच्चाधिकारियों से की गई है और गुरुवार की सुबह से पोस्टल ऑर्डर की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। लेकिन बुधवार को असुविधा के चलते सैकड़ों अभ्यर्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**आस्था** | देवघर रवाना होगा माता हीरामणि निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का जत्था

# एक माह तक जारी रहेगा सेवा कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



### सेवा व्यवस्था का विस्तृत कार्यक्रम

शिविर में आने वाले कांवरियों के लिए दिन भर भोजन, जलपान और विश्राम की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में भक्ति माहौल बनाए रखने के लिए रोजाना भक्ति जागरण एवं विभिन्न धार्मिक झांकियों का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में सहयोग करें और अधिक से अधिक संख्या में कांवरियों तक सेवा पहुंचाने में सहभागी बनें।

**मेदिनीनगर।** माता हीरामणि निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर डाल्टनगंज की ओर से आगामी श्रावणी मेले के दौरान देवघर में लगने वाले सेवा शिविर की तैयारी को लेकर मंगलवार को सेवा सदन रोड स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवा शिविर की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई, शनिवार को दोपहर 12:30 बजे सुदना निवास से सेवा शिविर के लिए 150 सेवादारों का जत्था रवाना होगा। जत्थे को शहर के गणमान्य लोगों द्वारा झंडी दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया जाएगा।

**1998 से लगातार हो रही सेवा**

सेवा शिविर के आयोजकों ने बताया कि माता हीरामणि देवी निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर की शुरुआत वर्ष 1998 में हुई थी और तब से यह सेवा लगातार हर साल देवघर में श्रावण मास के दौरान की जाती है। इस बार भी सेवा शिविर में करीब 200 सेवादार प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहेंगे।

## बड़गड़ में पशु तस्करी मामले में दो गिरफ्तार, 11 गोवंश बरामद



**बड़गड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरहा डैम के पास बुधवार को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बड़गड़ थाना पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग 11 गोवंशीय पशुओं को अवैध रूप से ले जा रहे थे। थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मंगरू (69 वर्ष) और बितल पैंकरा (42 वर्ष), दोनों निवासी झ सोनबरसा थाना चांदो, बलरामपुर (छत्तीसगढ़) हैं। इनके खिलाफ बड़गड़ थाना कांड संख्या 22/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5) तथा झारखंड गोवंशीय पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**केतार।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को केतार थाना में बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि मोहर्रम शहादत और गम का त्योहार है, इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। वहीं, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि डीजे पर हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, एसआई चंदन कुमार, मुखिया मूंगा साह, प्रमोद कुमार, मुनि देवी, सदर समीम अंसारी, अल्ताफ अंसारी, बाबूलाल यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बोलेरो-टेंपो की टक्कर में छह घायल, मेराल सीएचसी में चल रहा इलाज

**मेराल।** गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल थाना क्षेत्र के गेरुआ पंचायत स्थित भेड़ियाही गांव के समीप डंडई-मेराल मुख्य मार्ग पर बुधवार को बोलेरो और टेंपो में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार लोग गढ़वा से सामान खरीद कर धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी लौट रहे थे, जबकि टेंपो में सवार लोग डंडई बाजार से मेराल आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण रामलाल चौधरी के अनुसार टेंपो अपनी लेन में आ रहा था लेकिन बोलेरो वाहन ने सामने से आकर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेंपो में सवार ड्राइवर सहित चार लोग घायल हो गए जबकि बोलेरो सवार दो लोग भी चोटिल हो गए। घायलों में शोभा देवी (23) पत्नी बबलू चौधरी, उनका पुत्र प्रीतम कुमार (2), निवासी झ रेजो गांव दुनुखाड़ टोला, सोनी देवी (27) पत्नी राजमुनि चौधरी झ भेड़ियाही गांव, नूसरत नूरी (20) और निकहत रुही (15) दोनों पिता झ मुख्तार अंसारी, निवासी झ टाटीदीरी, शामिल हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मेराल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल भेजा गया। सीएचसी में डॉ. दीपक कुमार सिन्हा की निगरानी में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज गति से चलने वाले वाहनों पर नाराजगी जताई और प्रशासन से दुर्घटनास्थल पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**खरौंधी।** मंगलवार को खरौंधी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रविंद्र कुमार ने की, जिसमें बड़ी संख्या में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुहर्रम जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि हर ताजिया कमेटी से 10 लोगों की निगरानी टीम बनाई जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। मौके पर सीओ गौतम कुमार लकड़ा, प्रमुख आभा रानी, भाजपा नेता उपेंद्र दास, मुखिया प्रतिनिधिगण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खुटिया पंचायत में मनरेगा योजनाओं पर जनसुनवाई

**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत खुटिया पंचायत में मनरेगा अधिनियम 2005 के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा बुधवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान शपथ के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों ने योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। सोशल ऑडिट टीम ने पंचायत स्तरीय ज्यूरी के समक्ष कई गंभीर गड़बड़ियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिनमें योजना स्थल पर पट्ट का अभाव, अपूर्ण योजनाओं में भुगतान, मापी पुस्तिका से अधिक भुगतान, और प्रमाण पत्र की कमी शामिल थी। कुछ योजनाओं पर तुरंत ज्यूरी द्वारा संबंधित दोषियों पर जुमार्ना लगाया गया, जबकि कई मामलों को आगे प्रखंड स्तरीय सुनवाई के लिए भेज दिया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खां, बीडीसी सबिता सिंह, रोजगार सेवक सुनील यादव सहित कई वरिष्ठ ग्रामीण उपस्थित थे।

## कृषि भूमि पर होल्डिंग टैक्स शून्य, दावा दाखिल करें 4 से 8 जुलाई तक

**मझिआंव।** नगर पंचायत मझिआंव की ओर से बुधवार को विशेष अभियान चलाकर नागरिकों को कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स शून्य किए जाने की जानकारी दी गई। नगर प्रशासन द्वारा सभी वार्डों में जागरूकता फैलाई जा रही है। नगर प्रबंधक जितेश कुमार, राजस्व निरीक्षक नितिश कुमार व अन्य अधिकारियों ने बताया कि जिन नागरिकों के पास कृषि भूमि है, वे 4 जुलाई से 8 जुलाई 2025 तक संबंधित दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। यह पहल किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## भवनाथपुर सीएचसी में शुरू हुई डिजिटल एक्सरे और ईसीजी सुविधा



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लंबे इंतजार के बाद डिजिटल एक्सरे मशीन को आखिरकार चालू कर दिया गया। लगभग 18 महीने पूर्व स्थापित यह मशीन तकनीकी कारणों से निष्क्रिय थी। डिजिटल एक्सरे मशीन के साथ ही अब सीएचसी में ईसीजी और डब्ल्यूपीसी (श्वेत रक्त कण जांच) मशीनें भी उपलब्ध करा दी गई हैं। इससे दुर्घटनाग्रस्त, हड्डी फ्रैक्चर व हृदय रोगियों को तत्काल और गुणवत्तापूर्ण जांच की सुविधा मिल सकेगी। सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि मशीनें चालू होने से मरीजों को निजी लैब में महंगी जांच से राहत मिलेगी। डीसी दिनेश कुमार यादव के निर्देश और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रयास से यह सुविधा अब आम लोगों के लिए उपलब्ध हो पाई है।

# हाथी ने गिराया घर, मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत





**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** दुधवल पंचायत अंतर्गत नगारी गांव में बुधवार की रात 2 बजे एक जंगली हाथी ने एक ग्रामीण का घर गिरा दिया, जिससे घर में सो रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग विजय सिंह पिता संतोषी सिंह की मलबे में दबकर मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथी गांव में अनाज की तलाश में घुस आया और एक के बाद एक घरों को गिराने लगा। विजय सिंह उस वक्त घर के अंदर सो रहे थे। हाथी द्वारा घर गिराए जाने से वे मलबे में दब गए। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो वे मृत अवस्था में पाए गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल रंका थाना व वन विभाग को दी। थाना की टीम मौके पर पहुंच गई लेकिन वन विभाग के अधिकारी अभी तक नहीं पहुंचे थे और अपने वरीय पदाधिकारी का इंतजार कर रहे थे। ग्रामीणों में वन विभाग की निष्क्रियता को लेकर गुस्सा देखा गया। लोगों ने मुआवजा व हाथी भगाने के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग की है। क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और विभाग की सुस्ती से ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## पचौर से बालेखाड़ सड़क बनी दलदल बरसात में राहगीरों का हाल बेहाल



**20 वर्षों से नहीं हुई मरम्मत, ग्रामीणों ने विधायक से की सड़क सुधार की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** पचौर से बालेखाड़ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। बारिश के चलते कीचड़ और जानलेवा गड्ढों ने सड़क को पूरी तरह से जर्जर बना दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2005-06 में यह सड़क मिट्टी-मोरम से बनी थी और तब से अब तक इसकी मरम्मत नहीं हुई। राहगीर जूता-चप्पल हाथ में लेकर सड़क किनारे से किसी तरह आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## खरौंधी में 3 जुलाई को शिक्षकों का नेत्र जांच प्रशिक्षण आयोजित

**खरौंधी।** राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से 3 जुलाई को शिक्षकों के लिए नेत्र जांच प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। मध्य विद्यालय खरौंधी में होने वाले इस प्रशिक्षण में खरौंधी, भवनाथपुर और केतार प्रखंडों से प्राथमिक व मध्य विद्यालय के एक-एक शिक्षक को नामित किया गया है। प्रशिक्षण के बाद ये शिक्षक विद्यालयों में बच्चों की आंखों की प्रारंभिक जांच करेंगे। बीपीएम नवीन प्रकाश ने सभी स्कूलों को प्रशिक्षण में शिक्षक की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है।

## गढ़वा इंस्पेक्टर कार्यालय का डीआईजी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और पुलिस-पब्लिक संबंध सुधारने पर दिया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल के डीआईजी नौशाद आलम ने मंगलवार को गढ़वा स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित वादों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि जनता के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता बरतें और पुलिस-पब्लिक के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाएं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता को सुरक्षित और सहयोगी माहौल प्रदान किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को कार्यालय में अनुशासन, पारदर्शिता और जिम्मेदारी से कार्य करने की भी सलाह दी गई।

## किसानों के बीच मडुआ व मक्का बीज का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** आत्मा गढ़वा और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को झोतार और जरही क्लस्टर के किसानों के बीच रागी (मडुआ) और मक्का बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, रारो मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, उत्तिम देव प्रजापति सहित अन्य गणमान्य लोगों ने की। बीटीएम सत्येंद्र कुमार की देखरेख में झोतार और जरही क्लस्टर के 44-44 किसानों के बीच निःशुल्क रागी बीज वितरित किया गया, जबकि रारो क्लस्टर के लगभग 200 किसानों को मक्का बीज मिला। बीडीओ करमाली ने किसानों से सरकार द्वारा प्रदत्त बीजों के अधिकतम उपयोग की अपील करते हुए कहा कि अच्छी उपज हेतु समय पर बुवाई और आधुनिक तकनीक आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपने जीवनस्तर में सुधार कर सकते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## डीएवी लीलावचन स्कूल में 200 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**मेराल।** लातदाग गांव स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर 200 पौधे लगाए गए। बरगद, पीपल, पाकड़, महोगनी, लाल चंदन, उजला चंदन और गोल्ड मोहर जैसे वृक्ष स्कूल परिसर में रोपे गए। विद्यालय निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि पेड़ मानव जीवन और पर्यावरण दोनों के लिए जरूरी हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माँ के नाम पर पौधे लगाए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पारसनाथ विश्वकर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
## कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail ID:- scogarhwa@gmail.com

**अनुदानित दर पर कृषि यंत्र एवं कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 08 दिनांक 22.05.2025 द्वारा गढ़वा जिला हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY योजना अंतर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतू (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह / Enterpreneurs / Lampus / Pacs / FPOs / Village Organization (V.O) / कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिला कृषकों को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अनुदान पर वितरण किया जाना है जिसकी सूचना पूर्व में दिनांक 16.06.2025 को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन किया गया था। परन्तु कुछ यंत्रो को छोड़कर शेष यंत्रो का आवेदन लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त नही हुआ। शेष यंत्रो हेतु पुनः आवेदन पत्र मॉग कि जा रही जो निम्न प्रकार है:–

**List of Agricultural Machinery and Equipments under component no. 4.1(a) & 4.1 (b)**

| क्र0 | कृशि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य ओ0एस0पी0 | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृशि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 10 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृशि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये। |
| 2 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 9 | 50 प्रतिशत या रु0 2.45 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP&Upto 40 PTO HP) | 6 | 50 प्रतिशत या रु0 3.00 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Self Propelled Power Weeder (below 2 bhp) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Self Propelled Power Weeder (Above 2 BHP & Below 5 BHP)) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Power Weeder (5 BHP & Below7.5 BHP& Above) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Row) | 2 | 50 प्रतिशत या रु0 1.70 लाख प्रति इकाई |
| 8 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 7 | 50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| Tractor/Power Tillar ( Below 20 BHP) driven equipments | | | |
| 9 | MB plow(Single Bottom) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.22 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Cage Wheel | 2 | 50 प्रतिशत या रु0 0.15 लाख प्रति इकाई |
| 11 | Cultivator | 7 | 50 प्रतिशत या रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Multi Crop Treashers | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 13 | Paddy Treasher | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.38 लाख प्रति इकाई |
| Tractor ( Above 20-35 BHP) driven equipments | | | |
| 14 | MB plow(Single Bottom) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Cage Wheel | 20 | 50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 16 | Cultivator | 9 | 50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Rotovator upto 5 feet | 5 | 50 प्रतिशत या रु0 0.46 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Zero-till Seed Drill Multi Crop (7 tines) | 6 | 50 प्रतिशत या रु0 0.23 लाख प्रति इकाई |
| Tractor ( Above 35 BHP) driven equipments | | | |
| 19 | Rotovator (7 feet) | 4 | 50 प्रतिशत या रु0 0.70 लाख प्रति इकाई |
| Irrigition Equipments (For FRA Applicant) | | | |
| 20 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Protable Irrigition Pumps Upto 15 Hp. | 35 | 90 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Manual Sprayer Knapsack Foot/Battery Operated sprayer | 40 | 90 प्रतिशत या रु0 0.018 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 11 | 90 प्रतिशत या रु0 0.036 लाख प्रति इकाई |

लाभुक का चयनः–

1. इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्यों का होना अनिवार्य है।
3. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. ट्रैक्टर चालित यंत्रो के लिए कृषक को ट्रैक्टर का स्वामित्व होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण पत्र (RC) आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित / राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा से प्राप्त कर जिला प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, गढ़वा एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिसकी अन्तिम तिथि 08.07.2025 को संध्या 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा।

कार्यालय पता :–विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन, भूमि तल पिपरकला गढ़वा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
गढ़वा।

PR.NO.356364 Agriculture(25-26):D



## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार
## कार्यालय :- समाहर्ता-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल

**–न्यायालय सूचना–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचीबद्ध वन वादों में अतिक्रमणकारियों / अभियुक्तों द्वारा अधिसूचित / सीमांकित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध न्यायालय, समाहर्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में BPLE वाद प्रारंभ कर सुनवाई की जा रही है। इस वाद में सुनवाई हेतु अंतिम तिथि 22.07.2025 को निर्धारित की गई है।

अतः निम्नलिखित वादों से संबंधित अतिक्रमणकारियों / अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22.07.2025 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय, समाहर्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**विवरणी**

| क्र0 सं0 | अभियुक्तों का नाम एवं पता | CC No. | BPLE वाद संख्या | सुरक्षित वन | अतिक्रमित वनभूमि का विवरणी | सुनवाई तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. नरेश दास पिता बाबुलाल दास<br>2. कुलदीप दास पिता स्व0 रमेश दास<br>3. विजय दास पिता अर्जुन दास<br>4. अजय दास पिता अर्जुन दास<br>5. चलितर दास पिता अर्जुन दास<br>6. महेन्द्र दास पिता अर्जुन दास<br>7. बालो महतो पिता मोहन महतो<br>8. सोमरी देवी पति स्व0 दसवा भूईयाँ<br>9. बैजु दास पिता स्व0 दशरथ दास ग्राम एकतारा, थाना–हंटरगंज, जिला–चतरा। | 166/2023 | 01/2023-24 | एकतारा | प्लॉट संख्या 220,234 थाना नं0. 104 रकवा 50 डि0 | 22/07/2025 |
| 2. | 1. खालिक मियाँ पिता स्व0 रमजान मियाँ<br>2. असगर मियाँ पिता स्व0 रमजान मियाँ<br>3. साजिद मियाँ पिता स्व0 रमजान मियाँ<br>ग्राम– बकचुम्मा, थाना– राजपुर, जिला चतरा। | 1146/2018 | 17/2018-19 | भयपुर | प्लॉट संख्या 139 थाना नं0. 119 रकवा 80 डि0 | 22/07/2025 |
| 3. | 1. अनवर मियाँ पिता स्व0 हुसैनी मियाँ<br>ग्राम– बकचुम्मा, थाना– राजपुर, जिला– चतरा। | 1169/2018 | 20/2018-19 | भयपुर | प्लॉट संख्या 139 थाना नं0. 119 रकवा 01 एकड़ | 22/07/2025 |
| 4. | 1. शिवभजन भूईयाँ पिता केशो भूईयाँ<br>2. संजु भूईयाँ पिता स्व0 केशर भूईयाँ<br>3. मुन्शी भूईयाँ पिता शिवभजन भूईयाँ<br>4. फेकन भूईयाँ पिता स्व0 शंकर भूईयाँ<br>5. सीताराम भूईयाँ पिता स्व0 धान भूईयाँ<br>6. फुलवा देवी पति स्व0 बिजली भूईयाँ<br>7. पुनाई भूईयाँ पिता स्व0 गनु भूईयाँ<br>ग्राम– नागर, थाना– हंटरगंज, जिला– चतरा। | 1400186/2012 | 41/2016-17 | कुल्लु | प्लॉट संख्या 24 थाना नं0. 30 रकवा 50 डि0 | 22/07/2025 |
| 5. | 1. कृष्ण यादव पिता स्व0 लोभी यादव<br>2. बिगन भारती पिता स्व0 अकलू भारती<br>3. उमेश भारती पिता नरेश भारती<br>4. संजय यादव पिता फौदारी यादव<br>ग्राम– भुसिया, थाना– प्रतापपुर, जिला– चतरा। | 895/2020 | 10/2020-21 | भुसिया | प्लॉट संख्या 91 थाना नं0. 49 रकवा 01 एकड़ | 22/07/2025 |
| 6. | 1. नाजिर मियाँ पिता महन्दु मियाँ<br>2. शंकर यादव पिता जय प्रकाश यादव<br>ग्राम–खरांटी, थाना– हंटरगंज, जिला– चतरा। | 89/2018 | 13/2018-19 | खरांटी | प्लॉट संख्या 351 थाना नं0. 04 रकवा 06 डि0 | 22/07/2025 |
| 7. | 1. नन्दलाल मुण्डा पिता रूषा मुण्डा<br>ग्राम– बाघाकोला, थाना– प्रतापपुर,जिला–चतरा। | 81/2017 | 04/2017-18 | बाघाकोला | प्लॉट संख्या 03 थाना नं0. 27 रकवा 01 एकड़ | 22/07/2025 |
| 8. | 1. प्रकाश प्रजापति पिता स्व0 दुखन प्रजापति<br>2. सुधिर प्रजापति पिता स्व0 दुखन प्रजापति<br>3. सोनिका देवी पति प्रकाश प्रजापति ग्राम– बकचुम्मा, थाना– राजपुर, जिला– चतरा। | 1131/2018 | 18/2018-19 | भयपुर | प्लॉट संख्या 145 थाना नं0. 119 रकवा 60 डि0 | 22/07/2025 |
| 9. | 1. प्रमोद साव पिता अर्जुन साव<br>2. राजदेव साव पिता विशुन साव<br>3. सुनिल साव पिता स्व0 मुंगेश्वर साव<br>4. शंभु साव पिता स्व0 मुंगेश्वर साव<br>5. विजमल साव पिता धनेश्वर साव<br>6. कृष्णा साव पिता स्व0 लट्टू साव<br>7. रमेश्वर साव पिता स्व0 लट्टू साव<br>8. बलकेश्वर साव पिता स्व0 नन्कु साव<br>9. हरिहर साव पिता इंदु साव ग्राम–लिप्ता (कुबड़ी), थाना–प्रतापपुर,जिला–चतरा। | 1143/2019 | 12/2019-20 | लिप्ता | प्लॉट संख्या 09 थाना नं0. 67 रकवा 02 एकड़ | 22/07/2025 |
| 10 | 1. मीना देवी पति स्व0 शंकर हलवाई<br>2. नारायण साव पिता स्व0 वंशी साव<br>3. शंकर साव पिता स्व0 महादेव साव<br>4. मसो0 कैलाश पति स्व0 बिगु राम<br>5. सूर्यदेव मिस्त्री पिता स्व0 मानकी मिस्त्री<br>6. सरवन पासवान पिता स्व0 रामोतार पासवान<br>7. अर्जून यादव पिता स्व0 विश्वनाथ यादव<br>8. कैलाश साव पिता स्व0 महादेव साव<br>ग्राम–जोरीखुर्द,थाना–वशिष्ठनगर जोरी,जिला–चतरा। | 50/2020 | 02/2020-21 | जोरी खुर्द | प्लॉट संख्या 166 थाना नं0. 290 रकवा 15 डिसमिल | 22/07/2025 |

समाहर्ता
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।

PR.NO. 356299 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

## पदभार संभालते ही मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा ने कराया सड़क मरम्मत

● खराब सड़कों की मरम्मत के लिए जेसीबी से शुरू हुआ कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरी गांव में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के नवनियुक्त जेनरल खलीफा अरशद उल कादरी ने पदभार ग्रहण करते ही कार्यशीलता का परिचय दिया है। मुहर्रम पर्व की तैयारी के तहत उन्होंने खराब पड़ी सड़कों की मरम्मत निजी खर्चे से प्रारंभ कर दी है।

मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जेसीबी मशीन के सहयोग से सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। जेनरल खलीफा ने बताया कि मुहर्रम के मौके पर सड़कें खराब रहने से ताजिया जुलूस और आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने निजी पहल पर सड़क को दुरुस्त कराने का निर्णय लिया।

पोखरी गांव सहित आसपास के इलाकों में सातवीं मुहर्रम से लेकर पहलगाम तक ताजिया यात्रा निकाली जाती है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। ऐसे में खराब सड़कों के कारण कार्यक्रम बाधित हो सकता था। इसी को देखते हुए जेनरल खलीफा ने पहल की।

उन्होंने कहा कि मुहर्रम सौहार्द और त्याग का प्रतीक है। इसकी गरिमा बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जहाँ जहाँ सड़क की मरम्मत की आवश्यकता होगी, वहाँ वह खुद पहल कर मरम्मत कराएंगे।

स्थानीय लोगों ने उनकी इस तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है और प्रशासन से आग्रह किया है कि वे भी पर्व की तैयारियों में सहयोग करें।

# टोरी आरओबी निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने निकाली दो दिवसीय पदयात्रा

● रेलवे फाटक की जाम समस्या को लेकर गडकरी का ध्यान आकर्षित कराने की कोशिश

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** बरकाकाना–बरवाडीह सीआईसी सेक्शन के टोरी जंक्शन स्थित रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण की मांग को लेकर बुधवार से किसानों ने दो दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा किसान नेता व पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के नेतृत्व में शुरू की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीरें लेकर गांव-गांव घूमते हुए लोगों को टोरी जाम की विकराल समस्या से अवगत कराया। ज्ञात हो कि वर्ष 2021 में केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री सोरेन ने संयुक्त रूप से टोरी आरओबी का ऑनलाइन शिलान्यास किया था, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। किसानों ने कहा कि टोरी जंक्शन के रेलवे फाटक पर हमेशा जाम लगा रहता है, जिससे विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को परेशानी होती है। कई लोगों की जान भी इस जाम में फंसने के कारण जा चुकी है। पदयात्रा की शुरुआत दामोदर गांव से हुई। इस दौरान किसान नेता अयूब खान ने कहा कि यह पदयात्रा जन-जागरण अभियान है। इसका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक दबाव नहीं, बल्कि जनता की आवाज को जिम्मेदारों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द आरओबी का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

पदयात्रा में शामिल लोगों ने रेल फाटक पर हो रही असुविधाओं को विस्तार से बताया। पदयात्रियों में सनिका मुंडा, संजय राम, मोबीन खान, असरीता देवी, एतवरिया देवी, शीला देवी, सरहुलिया देवी, राजेश परहैया, सीताराम परहैया, विशाल परहिया, रोहित परहिया, चुनकु परहिया, बुटन परहिया, रमेश परहिया, भुनेश्वर परहिया, दिलीप परहिया, धर्मदेव परहिया समेत कई लोग शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### 11 जुलाई से शुरू होगा सावन

**लातेहार।** सावन माह की शुरुआत इस वर्ष 11 जुलाई से हो रही है। मंदिरों में तैयारी जोरों पर है। मनोकामना सिद्ध मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं – 14, 21, 28 जुलाई और 4 अगस्त। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, अमृत सिद्धि योग जैसे दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। शिव आराधना से सुख-समृद्धि और कष्टों का निवारण माना जाता है। श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ समाप्त होगी।

### लातेहार में शराब दुकानों का हैंड ओवर-टेक ओवर शुरू

**लातेहार।** जिले में कुल 23 शराब दुकानों में से 5 दुकानों का हैंड ओवर-टेक ओवर बुधवार को पूरा कर लिया गया। अमवाटीकर मोड़ और शिवपुरी मोहल्ला स्थित दुकानों में मौजूद स्टॉक और राशि का मिलान किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि हैंड ओवर के बाद दुकानें फिलहाल बंद रहेंगी, जबकि अन्य दुकानें अगले आदेश तक खुली रहेंगी। मौके पर सदर बीडीओ मनोज तिवारी मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित रहे। अगस्त के दूसरे सप्ताह तक नई उत्पाद नीति लागू होने की संभावना है।

### चंदवा में पुल निर्माण की धीमी गति से ग्रामीण परेशान

**चंदवा।** प्रखंड के ब्रह्मणी-हुचलु पथ पर मिशन स्कूल के पास पुल निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से अधर में है। ठेकेदार द्वारा सिर्फ कॉलम खड़ा किया गया है, जिससे ग्रामीणों को बारिश में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी नईम अंसारी व अन्य ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है। आवागमन ठप होने से स्कूल, अस्पताल और बाजार जाना भी मुश्किल हो गया है।

### झामुमो नेताओं ने शिबु सोरेन के स्वास्थ्य के लिए की विशेष पूजा

**चंदवा।** झामुमो के नेता व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर भगवती मंदिर में गुरुजी शिबु सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष पूजा-अर्चना की। पूर्व मंत्री बैधनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने माँ उग्रतारा से गुरुजी के दीर्घायु की कामना की और कहा कि राज्य के लिए उनका स्वस्थ रहना आवश्यक है। पूजा में जिला सचिव बुधेश्वर उरांव, रंजीत उरांव, प्रदीप गंझु, अंजली कुजूर समेत अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

### विजयपथ हत्याकांड के मुआवजे को लेकर विधायक को ज्ञापन देने का निर्णय

**बालूमाथ।** विजयपथ हत्याकांड मामले में मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को प्रतिनिधिमंडल की बैठक आरा स्थित होटल में हुई। शिवनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि विधायक प्रकाश राम को ज्ञापन देकर सीसीएल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।गौरतलब है कि विजयपथ की बेरहमी से हत्या कर शव को माइनिंग क्षेत्र में फेंक दिया गया था। हत्या के आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन परिजन अब तक मुआवजे से वंचित हैं।

### कांग्रेस नेता ने की उप विकास आयुक्त से मुलाकात

**चंदवा।** कांग्रेस यंग ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव बाबर खान ने बुधवार को लातेहार के नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त सर सैयद रियाज अहमद से भेंट की। उन्होंने कहा कि अब तक उपविकास आयुक्त की अनुपस्थिति में जिले के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। विशेष रूप से मनरेगा, अबुआ आवास और कृषि योजनाओं में किसानों को परेशानी हो रही थी। उप विकास आयुक्त ने हरसंभव प्रयास की बात कही।

### आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग एनएच-99 पर हरैया मोड़ के समीप बुधवार को एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हो गई। एक आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल युवक की पहचान सचिन यादव पिता स्व. दशरथ यादव, निवासी रक्सी चंदवा के रूप में की गई है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई लोग अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जो सड़कों पर घूमते रहते हैं और आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

# भारी बारिश से बेतला पिकेट के पास वन विभाग की बाउंड्री और समदा तालाब का पुल क्षतिग्रस्त

● ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत, जंगली जानवरों के बाहर आने की आशंका



**बेतला (लातेहार)।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बेतला पिकेट के नजदीक स्थित वन विभाग की बाउंड्री और समदा तालाब के पास बना पुल बारिश की वजह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे जहां वन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो गया है, वहीं आम लोगों के आवागमन पर भी असर पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, बेतला राष्ट्रीय उद्यान के सीमावर्ती क्षेत्र में बारिश से वन विभाग की बाउंड्री दीवार टूट गई है, जिससे जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आने की आशंका प्रबल हो गई है। यह स्थिति न सिर्फ वन्यजीवों के लिए, बल्कि ग्रामीणों के लिए भी खतरे का कारण बन सकती है।

वहीं समदा तालाब के पास का पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह पुल आसपास के गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग था, जिससे ग्रामीण स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रतिदिन गुजरते थे। अब इस मार्ग पर आवाजाही ठप हो गई है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस पुल की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि सामान्य जनजीवन बहाल हो सके और वन क्षेत्र की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। लोगों ने बताया कि अगर समय रहते पुल और बाउंड्री का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो जानमाल की हानि हो सकती है।

### डीवीसी के वादाखिलाफी से ग्रामीण नाराज, रास्ता अवरुद्ध

**लातेहार।** नेवाडी पंचायत के तुबेद टोला समेत कई गांवों के ग्रामीण डीवीसी से नाराज हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोल माइंस खुलने से पहले पुल निर्माण का वादा किया गया था, लेकिन बाद में रास्ता ब्लॉक कर दिया गया। अब बरसात में सुकरी नदी उफन रही है और लोगों को जान जोखिम में डालकर बाजार या अस्पताल जाना पड़ रहा है। मुखिया अमरेश उरांव ने भी पुल निर्माण की मांग दोहराई है। वहीं डीवीसी जीएम अरविंद कुमार ने कहा कि रास्ता ब्लॉक नहीं किया गया है, और पुल निर्माण फिलहाल आर्थिक रुप से संभव नहीं है।

### बारिश में बह गई मिट्टी सड़क, ग्रामीण पैदल चलने को मजबूर

**बारियातू।** शिबला पंचायत के झिरमतकोमा से शिबला जाने वाली कच्ची मिट्टी-मोरम सड़क मंगलवार की भारी बारिश में कई स्थानों से बह गई। ग्रामीणों को पैदल ही 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूली बच्चों, मरीजों व दैनिक कामों में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र मरम्मत और कालीकरण की मांग की है।

## गनियारी में बारिश से गिरी गरीब की झोपड़ी, मुआवजे की मांग



**चंदवा।** प्रखंड के गनियारीजाएगी तेतरगढ़ा गांव में गंगी देवी पत्नी सुनेना गंझु का घर लगातार बारिश के कारण बुधवार को ढह गया। परिवार खुले में रहने को विवश है। समाजसेवी सुरेशनाथ लोहरा और स्थानीय लोगों ने पीड़ित को आवास योजना का लाभ और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## लगातार बारिश से विधवा महिला का घर क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग



**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के मांझीपारा गांव में मंगलवार की मूसलाधार बारिश से विधवा सोमारी देवी का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि वे अपने घर की मरम्मत करा सकें। क्षेत्र में कई गरीबों के घरों को बारिश से नुकसान पहुंचा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## मुहर्रम को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

● दोनों समुदायों के लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**हेरहंज।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को स्थानीय थाना परिसर में बीडीओ अमित कुमार और थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के दर्जनों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बीडीओ ने कहा कि ताजिया की ऊंचाई सीमित होनी चाहिए तथा विसर्जन समय पर किया जाए। थाना प्रभारी ने अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न फैलाने की अपील की। डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध की बात दोहराई गई और बैंड के उपयोग की सलाह दी गई। बैठक में सामाजिक समरसता व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। मौके पर एसआई जयप्रकाश शर्मा, जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, शिव सिंह, याकिन अंसारी, बाबर अंसारी, सलमान अंसारी, बालदेव उरांव, शिवनाथ रजक समेत अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### डायन का आरोप लगाकर महिला व भसूर के साथ मारपीट

**कुंदा (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ऊपर बरहे गांव में डायन-बिसाही के शक में एक महिला फुलवा देवी और उनके भसूर नरेश गंझु को तीन लोगों ने मिलकर पीट दिया। बताया गया कि एक बच्ची को सांप ने डस लिया था, इलाज के बजाय झाड़-फूंक में समय गंवाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद महिला को दोषी ठहराकर हमला किया गया। पीड़ितों ने थाने में लिखित शिकायत दी है। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने कहा कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बारियातू प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

● विधायक प्रकाश राम ने की जन समस्याओं की सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ केतन गुप्ता, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश शिकायतें आवास, पेंशन, जलापूर्ति और जमीन से संबंधित रहीं। रहैया गांव के आंगनबाड़ी सेविका चयन, करमा व रेंची के पीडीएस दुकानदार द्वारा राशन नहीं देने की शिकायतें प्रमुख रहीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी कहा कि पिछली बार की तुलना में कम आवेदन मिले हैं, जिससे संतोषजनक स्थिति परिलक्षित होती है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर बालूमाथ प्रशासन अलर्ट, थाना में शांति समिति की बैठक

**बालूमाथ।** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर बालूमाथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ विनोद रवानी ने की। बैठक में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण, समुदाय प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। एसडीपीओ ने कहा कि पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल नजर रखेगी। किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, पुलिस निरीक्षक परमानंद बीरूआ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत मक्का बीज का वितरण




**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को कुंदा प्रखंड के बैरियाचक गांव में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पच्चीस किसानों के बीच सौ किलोग्राम मक्का बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपमुखिया अमलेश भारती, बीटीएम कुमार इंद्रजीत शेखर, एटीएम जयंत कुमार तथा वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा उपस्थित थे। बीटीएम इंद्रजीत ने बताया कि बीज वितरण का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है जिससे फसल उत्पादन बढ़े और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिले। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे खेती के लिए उपयोगी बताया और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की मांग की।

### विधायक से मिले मुहल्लेवासी, जलजमाव से निजात की लगाई गुहार

**चंदवा।** शहर से सटे गायत्री मंदिर रोड में लगातार हो रहे जलजमाव से परेशान स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विधायक प्रकाश राम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि सड़क पर लगातार जलजमाव की स्थिति बनी हुई है जिससे मोहल्ले के लगभग तीन हजार लोग प्रभावित हैं। छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए गहरे पानी में चलना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। विधायक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एनएच के कार्यपालक अभियंता से फोन पर वार्ता की और स्थल निरीक्षण कराने का निर्देश दिया। बुधवार शाम को एनएच के कनिय अभियंता रामकृष्ण कुमार ने स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चकला कोल ब्लॉक प्रभावित क्षेत्र का अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

● विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थिति का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडाल्को चकला कोल परियोजना से प्रभावित चकला पंचायत क्षेत्र का बुधवार को अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने दौरा किया। टीम में लातेहार अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम एवं जिला शिक्षा अधीक्षक प्रिंस कुमार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्र की भौगोलिक एवं भौतिक स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान टीम ने विभिन्न भवनों की वर्तमान स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और ग्रामीणों की बुनियादी जरूरतों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। निरीक्षण के क्रम में मिली जानकारियों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसे वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इस मौके पर बीआरपी प्रतीक सिन्हा एवं दर्जनों स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे, जिन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोल परियोजना के नाम पर कंपनियों ने भूमि अधिग्रहण तो कर लिया, लेकिन क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं आज भी नदारद हैं।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**
**(नोटिस)**

**नाम–(1)** नंदा पासवान, पिता–पच्चू पासवान, सा0–टंडवा, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–117/21 दिनांक–24.11.2021 धारा–302, 506, 34, भा0द0वि0 के कांड के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–25.06.2025 को उक्त अभियुक्त के पते के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.356311 Police(25-26):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, (4th Call)**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-04/2025-26 दिनांक - 01.07.2025

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work - Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basic in different rural habitation in Garhwa district. | | | | |
| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि,(लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य, (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| GAR/SR/60 mtr-01 | 65 Nos | 54.44497 | 1.10 | 10,000.00 | 90 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 05.07.2025 समय 02:00 बजे अपराहन् तक | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 12.07.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | | 12.07.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | | 14.07.2025 समय 05.00 बजे अपराहन् | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम- ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9431325479 | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | | | | |

**नोट –** केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा

PR 356316 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/14/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत ए0एन0एम0 ट्रेनिंग स्कूल, धर्मपुर, लातेहार का जीर्णोद्धार कार्य। | 39568000 | 792000 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.07.2025 से दिनांक 21.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –23.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 356300 Rural Development (25-26)_D

## डीसी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की, कहा-

# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें

- डेल्टा रैंकिंग में प्रथम स्थान लाने पर पूरी टीम को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जलसंसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास और बुनियादी ढाँचा में पिछड़ रहे सूचकांकों को ठीक करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में नीति आयोग द्वारा इस वर्ष जनवरी, फरवरी व मार्च माह में जारी किए गए डेल्टा रैंकिंग में लोहरदगा जिला को कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में देशभर के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी गयी। साथ ही, कृषि अंतर्गत मृदा जांच कार्ड की संख्या बढ़ाये जाने, सूक्ष्म टपक सिंचाई का दायरा बढ़ाये जाने, बीज वितरण में वृद्धि करने व इसका डेटा नीति आयोग से साझा किए जाने का निर्देश दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग को संस्थागत प्रसव का प्रतिशत बढ़ाने के लिए रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की सतत मोनिटरिंग का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों के प्राइमरी से अपर प्राइमरी और अपर प्राइमरी से सेकेंडरी स्तर के कक्षा तक ट्रांजिशन का प्रतिशत ठीक करने और प्रत्येक वर्ष इसे बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

बुनियादी ढांचा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में उपलब्धि और बेहतर किये जाने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में जीर्णोद्धार का डेटा शामिल करने का निर्देश दिया। फसल इंश्योरेंस का डेटा को अपलोड करने का निर्देश दिया। खरीफ में फसल उत्पादन, पशु टीकाकरण में पशु टीकाकरण बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

वित्तीय समावेशन के डेटा में मुद्रा ऋण का डेटा बैंकों से समन्वय बनाकर नीति आयोग से साझा किये जाने का निर्देश दिया। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला शिक्षा अधिकारी अभिजीत कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रमेश उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस डीपीएम संजय गुप्ता, पीपीआइए फेलो व अन्य उपस्थित थे।



### स्वेटर उत्पादन में लोहरदगा जिला को अव्वल बनाना है : डीसी

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखण्ड के स्वेटर उत्पादन केंद्र की उत्पादक महिला समूह की दीदीयों ने डीसी डॉ ताराचंद से मुलाकात की। महिला दीदियों ने उत्पादन केंद्र की गतिविधियों से डीसी को अवगत कराया। इस अवसर पर डीसी ने उत्पादक महिला समूह की दीदीयों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेन्हा में उत्पादित स्वेटर पर उनकी कड़ी मेहनत छुपी हुई है।दीदियों के सामूहिक प्रयास से ही यह उत्पादन केंद्र सुचारु रूप से चल रहा है।आनेवाले समय में और भी ज्यादा आत्मनिर्भर बनने के लिए डीसी ने उनको प्रोत्साहित किया।

### स्कूल में नामांकित सभी योग्य बच्चों को मिले साइकिल

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद ने जिले में स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले साइकिल की समीक्षा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के साथ की। उन्होंने प्रखण्ड वार स्कूली बच्चों की संख्या के अनुपात में वितरित की जाने वाले साइकिल की संख्या की समीक्षा करते हुए इन पर अनुमोदन दिया।



बैठक में कल्याण विभाग द्वारा प्रखंडों के सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण पर सहमति बनी। डीसी ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से साइकिल वितरण की समीक्षा की। डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया और कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात पुन: होने वाली बैठक में प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देश दिया कि साइकिल क्रय के समय साइकिल की गुणवत्ता पर अवश्य ध्यान दिया जाय ताकि बाद में किसी तरह की शिकायत नहीं आए।उन्होंने निर्देश दिया कि साइकिल वितरण में पारदर्शिता बरती जाय किसी भी हाल में डुप्लीकेसी न हो। डीसी ने साइकिल वितरण में अनियमितता न हो इसके लिए परियोजना निदेशक आइटीडीए को सभी प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों में कुल नामांकित छात्र-छात्राएं और प्रखंडों से अनुमोदन हेतु प्राप्त सूची का मिलान किये जाने का निर्देश दिया।

### पेशरार के कालीन बुनाई केंद्र जल्द से जल्द चालू हो : डीसी

**लोहरदगा।** डीसी डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में एससीए और नीति आयोग अवार्ड मनी से स्वीकृत योजनाओं के प्रगति की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एससीए योजनामद अंतर्गत पेशरार प्रखण्ड में कालीन बुनाई प्लांट को सुचारु रूप से प्रारंभ कराने



का निर्देश डीपीएम जेएसएलपीएस को दिया गया। साथ ही इसके लिए उत्पादक समूह को आवश्यक प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया। किस्को ब्रिकेटिंग प्लांट में बंद पड़े मशीन को ठीक कराने और जल्द से जल्द उत्पादन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। किस्को प्रखण्ड स्थित औद्योगिक सिलाई केंद्र, दोना पत्तल उद्योग केंद्र और कुडू प्रखण्ड के सरसों तेल उद्योग केंद्र का रजिस्ट्रेशन कंपनी एक्ट में कराये जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। कुडू प्रखण्ड में सरसों तेल उत्पादन केंद्र में मशीन अधिष्ठापन करा कर जल्द से जल्द उत्पादन कराने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग अवार्ड मनी से सेन्हा प्रखण्ड में मिलेट व दलहन के प्रोसेसिंग यूनिट से उत्पादन प्रारंभ करने के लिए जल्द से जल्द कारवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। डीसी ने कहा कि कुडू में मधुमक्खी पालन व मधु उत्पादन का लाभ किसी अन्य मध्यस्थ को न देकर सीधे किसानों दिया गया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू प्रखण्ड में डेयरी प्रोडक्शन यूनिट जल्द प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया।

### 11वीं कला व विज्ञान का परिणाम शत-प्रतिशत

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कक्षा 11वीं के कला एवं विज्ञान वर्ग का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का नाम गौरव से ऊँचा किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्वत परिषद के सभी सदस्यगण, अभिभावकगण एवं आचार्यगणों ने भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना।

(अपहृत ऋषिकांत कुमार उम्र–लगभग 21 वर्ष)



नगरउंटारी थाना कांड सं0–111/2023, दिनांक–02.08.2023, धारा–364, 34, भा0द0वि0 के कांड में अपहृत ऋषिकांत कुमार, उम्र लगभग–21 वर्ष, पिता–सुदामा राम, ग्राम–जमुआ, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाले हैं। उक्त कांड के वादिनी कलावती देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनका लड़का ऋषिकांत कुमार का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। दिनांक–02.05.2025 को अपहृत ऋषिकांत कुमार को गॉव के अमित राम के द्वारा बहला–फुसलाकर कर काम करने के लिए जिला सोनभद्र (उ0प्र0) स्थित विण्ढ़मगंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से हावड़ा (प0बंगाल) ले गया है। उसके बाद से अपहृत ऋषिकांत का कुछ पता नहीं चल पाया है, अपहृत अबतक वापस अपने घर नहीं लौटा है। उक्त अपहृत ऋषिकांत कुमार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत लड़का किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– रंग–गेहुँवन–सांवला, बाल एवं आंख–काला–समान्य, चेहरा – समान्य पतला, लम्बाई–05 फिट 02 इंच, पहनावा–नीला रंग का टी शर्ट एवं जींस पहना है, शिक्षा–09वीं तक।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.356308 Police(25-26):D


## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान की हुई शुरुआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा द्वारा विभागीय निर्देशानुसार "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान की शुरुआत 1 जुलाई 2025 से की गई। यह विशेष स्वच्छता अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जलजनित एवं वेक्टरजनित (मच्छरजनित) बीमारियों की रोकथाम करना, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना और जनभागीदारी से शहर को साफ-सुथरा बनाना है। अभियान के पहले दिन नगर परिषद लोहरदगा के प्रशासक, नगर प्रबंधक अनिल उरांव, स्वच्छता प्रभारी आर्यन कुमार, रमीज रजा, वीरेंद्र भगत एवं सफाई मित्रों की उपस्थिति में सफाई कार्य की शुरुआत की गई। नगर परिषद की ओर से अपील की गई है कि सभी नागरिक अभियान में सहयोग करें और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि बीमारियों से बचा जा सके और शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

## शांति व भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को कैरो थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न मुहर्रम अखाड़ों के मुजाविरों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में मुहर्रम मेला के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, जुलूस के मार्ग, समय और मेला स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही जुलूस मार्ग में जलजमाव, कीचड़, रास्ते में रखे बालू-चिप्स जैसी समस्याओं से भी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला शांति और सौहार्द का प्रतीक है। यहां के लोग सदैव मिलजुल कर भाईचारे के साथ पर्व-त्योहार मनाते आए हैं। कुछ अपवाद घटनाओं को छोड़ दें, तो जिले में कभी कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं घटी है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग पुराने विवादों को भूलकर आपसी समझदारी व सहयोग से त्योहार मनाएं और शरारती तत्वों पर नजर रखें। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि त्योहार समाज में प्रेम और भाईचारे को बढ़ाते हैं। कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर शांति भंग करने का प्रयास करते हैं, जिन पर ध्यान न देकर यदि कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। साथ ही उन्होंने सरकार के निर्देशानुसार डीजे के इस्तेमाल पर नियंत्रण रखने एवं ऐसे गाने न बजाने की हिदायत दी, जिनसे किसी धर्म विशेष की भावनाएं आहत हों। उन्होंने मुहर्रम कमिटी को स्वयंसेवक (वोलंटियर) नियुक्त करने का भी निर्देश दिया, ताकि आयोजन को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, एसआई मनोज कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कच्छप, पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी, मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, अरविंद उरांव, चंद्रमणि उरांव, जिला शांति समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मोहन साहू, नजीर आलम खान, सूरज मोहन साहू सेक्रेटरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय:–जिला परिषद, लातेहार।**

ज्ञापांक:–दिनांक:–

**तृतीय सूचना**

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या 89 में जिला परिशद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गए निर्णयानुसार मॉडल डाकबंगला, महुआडांड एवं माको डाकबंगला, लातेहार हेतु निम्न सामग्री की क्रय किया जाना आवश्यक है। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत दूकानदारों से दिनांक 10/07/2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक सभी कर सहित कोटेशन निबंधित डाक या स्पीडपोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भेजेंगे/जमा करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक–11/07/2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन में उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अवश्य उपस्थित रहेंगे।

1. थ्कसी भी समय कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दायर नही किया जायेगा।
2. सूचना प्रकाशन संबंधित जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

सामग्री का विवरणी

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | हैण्डल युक्त जेनरेटर (Kirloskar Generator) 05 HP | 02 Pc | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लातेहार।

PR 356315 Rural Development(25-26)D


## छात्रों ने विविध ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षा में विशेष योग्यता अर्जित की



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के छात्र विविध विषयों में आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में विजेता बने। ओलंपियाड परीक्षाएं छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने के लिए स्कूल से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं हैं। इनमें विविध विषय जैसे अंग्रेजी, विज्ञान, हिंदी, गणित आदि विषय शामिल हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों की आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं को बढ़ाना और विषयों पर उनकी बेहतर समझ को बढ़ाना है। डीएवी लोहरदगा के छात्र-छात्राएं शिक्षक काजल कुमार रॉय के देख-रेख में इस प्रतियोगी परीक्षा में न सिर्फ सम्मिलित हुए बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। डीएवी सीएमसी झारखंड जोन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी की ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें कक्षा नौवीं के छात्र आतुफ कबीर ने 85% अंक लाकर विशेष सफलता अर्जित किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रिचा मेहता ने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा तथा कक्षा छठवीं के छात्र लबीब ओबेदुल्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में विशेष योग्यता अर्जित किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री जी पी झा ने विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के दौरान सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान कर उन्हें बधाई देते हुए उनके हौसलों को बढ़ाया तथा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी ओलंपियाड प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभागी बनने हेतु प्रेरित किया।

## कुड़ू व सदर प्रखंड में दलहन बीज का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कृषि विभाग लोहरदगा की ओर को प्रखंड कुडू के ऐटिक सेंटर मे कुडू प्रमुख के अध्यक्षता में एनएफएसएम के तहत दलहन अरहर, एनएफएसएम मिनीकिट मडुवा, मक्का, मूंगफली बीज का वितरण किया गया। जिसमें कुडू प्रमुख, एफपीओ के सदस्य, बीटीएम, एटीएम एवं किसान उपस्थित थे। वहीं एग्रीक्लिनिक सेंटर लोहरदगा में गांव बमनडीहा पंचायत निगनी के 14 टाना भगत किसानों को एनएफएसएम क्लस्टर डेमोंस्ट्रेशन योजनांतर्गत अरहर का बीज ओटीपी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को अरहर मिनीकिट प्रदान किया गया। इसमें जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, डिप्टी परियोजना निदेशक (आत्मा), कृषक, जनप्रतिनिधि, जनसेवक और बीटीएम उपस्थित थे। सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पंचायत के सेरेंगघातु ग्राम में बिरसा फसल विस्तार का मक्का बीज ओटीपी के माध्यम से वितरण किया गया।


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited**
**(JIIDCO) (A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no: -344 dated: -02.07.2025

**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO. JIIDCO/CFC BUILDING/05/2025-26 2nd call**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money (Rs.) | Cost of tender fee (Rs.) (Non-refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | Manthan Yuva Sansthan, Berwari, Pandu, Palamu (Blanket & Dari Weaving) | 11,99,550.00 | 24,000.00 | 2,950.00 | III | 90 days |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 04.07.2025 to 11.07.2025
b. Tender will be received on 14.07.2025 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 14.07.2025 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.

**Note:** For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 7004785102 may be contacted.

Sd/- Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR.NO.356376 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(25-26):D


**तैयारियां** अंचलाधिकारी ने कैरो मस्जिद क्षेत्र का लिया गया जायजा

## मुहर्रम मेला से पूर्व जलजमाव की समस्या पर प्रशासन सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** मुहर्रम मेला के आयोजन को लेकर तैयारियों के बीच जलजमाव की समस्या को लेकर बुधवार को प्रशासनिक टीम ने कैरो मस्जिद के समीप स्थल का निरीक्षण किया। अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव के निर्देश पर कैरो पंचायत सचिव पवन कुमार, अंचल अमीन दिनेश प्रजापति एवं मुखिया बीरेंद्र महली मौके पर पहुंचे और जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। विदित हो कि इसी दिन थाना परिसर कैरो में मुहर्रम मेला को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी एवं अन्य सदस्यों ने कैरो मेला मार्ग पर जलजमाव और कीचड़ की गंभीर समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। विशेष रूप से कैरो मस्जिद एवं गोपाल यादव के आवास के पास की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई थी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने त्वरित कार्रवाई कर समाधान निकालने का निर्देश दिया। इसी क्रम में अंचलाधिकारी द्वारा प्रखंड एवं अंचल कर्मियों की टीम भेजी गई, जिन्होंने समस्या की भौतिक समीक्षा की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि जब तक कुडू- कैरो मुख्य पथ के किनारे स्थायी नाली का निर्माण नहीं होता, तब तक जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। फिलहाल के लिए सड़क किनारे कच्ची नाली खुदवाकर जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि मेला व जुलूस में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कैरो के सेक्रेटरी मुस्लिम अंसारी, जोरावर खान, बबलू प्रजापति, मणौवर खान, बलराम महतो सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।



### कुड़ू में प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक संपन्न

**कुड़ू-लोहरदगा।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर कुड़ू प्रखंड सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक उपप्रमुख ऐनुल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में सलीम अमीर को कमेटी का अध्यक्ष तथा ऐनुल अंसारी को सचिव चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर हलीम अंसारी, इम्तियाज खलीफा और खुर्शीद खान का चयन हुआ। महासचिव के रूप में रोजामत अंसारी, जयुम अंसारी, परवेज आलम, सरवर खान, वारिस अंसारी, नासीर अंसारी, बॉबी भाई, मोहम्मद अशफाक अंसारी और भोला खान को जिम्मेदारी दी गई।


**उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(खनन शाखा)**

**सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत वैसे सभी सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, (जिनका वार्शिक खपत 10000 MT तक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0, डोरण्डा, रांची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

सभी आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

1- Copy of PAN
2- GSTIN Certificate
3- Income Tax return of preceding Assessment Year
4- Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5- CTO from State pollution Board (JSPCB)
6- Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7- Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8- Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar)
9- Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10- Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11- Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12- Copy of Board Resolution/Letter of authorization for Authorized Signatory, in case of Company/partnership firm including LLP.
13- Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable)
14- CPFO registration details (as applicable)
15- Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16- Stock Statement issued by a Chartered Accountant.

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 356306 Lohardaga(25-26)#D

## चैनपुर अंचल अधिकारी ने स्कूली बच्चों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित एक स्कूल में बुधवार को अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों जैसे ड्रग्स, शराब, गुटका, खैनी और गांजा से दूर रहने की अपील की। सीओ गुप्ता ने बच्चों को सिर्फ खुद ही नहीं, बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को भी इन नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल में फंसने से बचाना था। सीओ दिनेश गुप्ता ने अपने संबोधन में नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे नशा व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर सकता है और परिवार व समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।कार्यक्रम में सीओ दिनेश गुप्ता के साथ-साथ कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोपी बैंक कैशियर राजकुमार सिंह के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

**बिशुनपुर।** बैंक ऑफ़ इंडिया, बिशुनपुर शाखा में कार्यरत कैशियर राजकुमार सिंह पर एक नाबालिग आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप है। दो महीने से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए बुधवार को बिशुनपुर पुलिस ने रांची स्थित आरोपी के घर पर न्यायालय से प्राप्त इश्तहार चस्पा किया। बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने रांची के सिंह मोड़, लतमा रोड स्थित विकास नगर के शांति एंक्लेव फ्लैट नंबर 104 में जाकर आरोपी के परिजनों से मुलाकात की और उसे जल्द आत्मसमर्पण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर आरोपी तय समय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## भरनो में गुप्त नवरात्र पर भव्य मंगल कलश यात्रा एवं माता कालरात्रि की आराधना

**भरनो।** भरनो बस्ती बाजार टांड़ स्थित हनुमान मंदिर परिसर में "हम हैं मारुति के लाल समिति" के तत्वावधान में चल रहे आषाढ़ गुप्त नवरात्र चंडी पाठ के सातवें दिन बुधवार को भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में दर्जनों विवाहित श्रद्धालु जोड़े पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। सभी ने स्थानीय छठ तालाब से विधिवत जल भरकर बाजे-गाजे एवं जयघोषों के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर प्रांगण में कलश की स्थापना की। इसके पश्चात श्रद्धालुजनों की उपस्थिति में माता रानी की प्राणप्रतिष्ठा की गई और सप्तमी तिथि पर माता कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। माता का पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने भक्ति भाव से माता के दर्शन किए। शाम को श्रद्धा और उल्लास के साथ मंगल आरती की गई। पूरे चंडी पाठ और यज्ञ का वैदिक संचालन यज्ञाचार्य नीतीश मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में संजय गुप्ता, मनोहर लाल केशरी, सतीश केशरी, विनोद साहू, कृष्णा केशरी, बजरंग केशरी, नीलकमल गुप्ता, शक्ति गुप्ता, बजरंग महतो, शुभम गुप्ता, प्रिंस साहू, हर्ष केशरी, सुधांशु केशरी, प्रिंस केशरी समेत कई श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**सिसई (गुमला)।** उपायुक्त गुमला के आदेश अनुसार बुधवार को ग्राम पंचायत घाघरा के पंचायत भवन में दूसरे दिन घाघरा ,गम्हरिया, कूर्गी एवं खेरा शेष चार राजस्व ग्राम में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं योजना के प्रचार प्रसार करने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख मीणा देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव एवं मुखिया इंद्रपाल भगत ने धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस शिविर में कुल 19 आधार कार्ड बनाए गए। उज्ज्वला योजना के तहत कुल 02 आवेदन प्राप्त हुए। 39 आयुष्मान कार्ड बनाए गए । 03 पीएम किसान सम्मान योजना बनाया गया। केसीसी के 08 फॉर्म प्राप्त हुए। कुल 19 बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं का पेंशन बनाया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 02 लाभुकों का पंजीयन किया गया। कुल 122 लाभुकों का सिकल टेस्ट किया गया। 12 लाभुक का टीवी का स्कैनिंग किया गया। 03 जाति प्रमाण पत्र का अनुमोदन किया गया। 03 आवासीय प्रमाण पत्र का अनुमोदन किया गया। राशन कार्ड हेतु कुल 04 आवेदन प्राप्त हुए। मनरेगा के तहत कुल 011 लाभुकों का जॉब कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मी, सहिया व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पालकोट थाना में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**पालकोट।** आगामी 6 जुलाई को आयोजित होने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को पालकोट थाना परिसर में थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुस्लिम समुदाय, प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना था। सभी उपस्थित लोगों ने एकमत से कहा कि त्योहार चाहे किसी भी धर्म का हो, क्षेत्र में भाईचारा बना रहना चाहिए और कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी ने कहा कि पालकोट प्रखंड को भयमुक्त और सुशासित क्षेत्र बनाने में सभी समुदायों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन मुहर्रम के दौरान विशेष नजर रखेगा और किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से पर्व को शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। मुस्लिम समाज के सदर ने जानकारी दी कि इस बार पालकोट में कोई मुहर्रम जुलूस नहीं निकाला जाएगा, और समाज के लोगों ने आपसी सहमति से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का निर्णय लिया है।

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर

## बाघिमा में वर्षों से क्षतिग्रस्त बिजली पोल की हुई मरम्मत




नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत बाघिमा पंचायत के खास बाघिमा ग्रामीण बैंक के समीप वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा बिजली पोल आखिरकार राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर के बाद बिजली विभाग की नींद खुली और उसे मरम्मत कर सुरक्षित बना दिया गया। यह बिजली पोल न सिर्फ जर्जर अवस्था में था, बल्कि आए दिन राहगीरों और आसपास के लोगों के लिए बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंततः राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा इस विषय पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। खबर का असर इतना प्रभावी रहा कि बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल की मरम्मत कर दी गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय नागरिकों ने अखबार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि मीडिया इसी प्रकार जनहित के मुद्दों को उठाता रहे, तो गांवों की समस्याओं का समय पर समाधान संभव है। यह घटना न केवल मीडिया की सकारात्मक भूमिका को दर्शाती है, बल्कि जन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

### डीसी ने 'धरती आबा जनजातीय जागृति अभियान' शिविर का किया निरीक्षण

## 62 आवेदनों का तत्काल निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को चैनपुर प्रखंड की बेन्दोरा पंचायत में आयोजित 'धरती आबा जनजातीय जागृति अभियान' के तहत लगे विशेष जनसेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और लाभार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। इस शिविर का मुख्य लक्ष्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जनजातीय और ग्रामीण समुदायों तक पहुंचाना था। उपायुक्त ने शिविर में दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली और लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 62 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इन आवेदनों में आधार कार्ड सुधार (9), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (38), किसान क्रेडिट कार्ड (4), प्रधानमंत्री जनधन योजना (12), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं (37), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (2), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (4), जाति प्रमाण पत्र (6), आवासीय प्रमाण पत्र (9) और मनरेगा योजना (45) से संबंधित आवेदन शामिल थे। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागीय कर्मियों को निर्देश दिया कि शेष आवेदनों का निष्पादन भी समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ मिल सके।उन्होंने उपस्थित नागरिकों से 'धरती आबा जनजातीय जागृति अभियान' के तहत आयोजित शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उपायुक्त ने यह भी बताया कि ऐसे शिविरों का आयोजन अन्य पंचायतों और प्रखंडों में भी लगातार किया जाएगा, ताकि हर वर्ग तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर 3 युवक हुए घायल, सदर अस्पताल रेफर

**भरनो।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो मेन रोड पुराना थाना के समीप बीते रात बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर रात में भरनो से अपने गांव मदनपुर जाने के क्रम भरनो के पुराना थाना के पास अनियंत्रित होकर गिर गए,जिससे तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग उन्हें घायल अवस्था को देखकर अन्य राहगीरों की मदद से भरनो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया,जहां डॉ दुर्गेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत संतोष उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। जबकि दो अन्य को प्राथमिक उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी।

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### (गव्य विकास प्रभाग)
### जिलागव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा

**दुधारू पशुपालकों के लिए आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में लोहरदगा जिला के दुधारू पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में स्थित दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण विषयक छः दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों/डेयरी में दुध आपूतिकर्ता सदस्यों/दुधारू मवेशीवितरण के पूर्व सभी लाभुकों एवं अन्य दुधारू पशुपालकों से प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजना अन्तर्गत निम्नवर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु कार्यालय कार्य दिवस में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणी :–

| क्रं | दिनांक | OSP | | TSP | | SCSP | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | |
| 1 | 09.07.2025 से 14.07.2025 तक | 3 | 2 | 8 | 6 | 3 | 2 | 24 |
| 2 | 30.07.2025 से 04.08.2025 तक | 5 | 3 | 8 | 6 | 3 | 2 | 27 |
| 3 | 20.08.2025 से 25.08.2025 तक | 3 | 2 | 8 | 6 | 3 | 2 | 24 |
| 4 | 24.09.2025 से 29.09.2025 तक | 5 | 3 | 8 | 5 | 3 | 2 | 26 |
| 5 | 08.10.2025 से 13.10.2025 तक | 3 | 2 | 8 | 5 | 2 | 2 | 22 |
| 6 | 29.10.2025 से 03.11.2025 तक | 5 | 3 | 8 | 5 | 2 | 2 | 25 |
| 7 | 05.11.2025 से 10.11.2025 तक | 3 | 2 | 8 | 5 | 2 | 2 | 22 |
| 8 | 17.12.2025 से 22.12.2025 तक | 4 | 2 | 8 | 5 | 2 | 2 | 23 |
| 9 | 24.12.2025 से 29.12.2025 तक | 3 | 2 | 8 | 5 | 2 | 2 | 22 |
| कुल योग :– | | 34 | 21 | 72 | 48 | 22 | 18 | 215 |

शर्तें :–
- प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था निःशुल्कहोगी।
- प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को रू0 100/–प्रतिदिन की दर से दैनिकभत्ता एवं जिला से प्रशिक्षण संस्थान तक के लिए आने–जाने का भाड़ाका भुगतान प्रशिक्षणार्थियों के बैंक खाता में प्रशिक्षण पश्चात् प्रशिक्षण संस्थान, राँची द्वारा किया जाएगा।
- प्रशिक्षणार्थियों को अपने पास आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूलप्रति साथ रखना आवश्यक है।
- प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ बच्चाको लेकर प्रशिक्षण संस्थान जाना वर्जित है।

जिलागव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 356340 Lohardaga(25-26)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - RE-01/ 2025-26 (2nd Call)

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयां में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 2. | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पनंचायत होटाई के ग्राम होईया के परिहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | 3 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम बाघमारी के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 4 | 4 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम आगाध में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 5 | 5 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 6 | 6 | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम फुलवरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 7 | 7. | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम सलईया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 8 | 10 | पलामू जिला प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत धासीदाग के ग्राम धतर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 9 | 11 | पलामू जिला प्रखंड प्रखंड नावा बाजार के पंचायत सिंजो के ग्राम मगही पिपरहवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 10 | 12 | पलामू जिला प्रखंड पाण्डू के पंचायत सिलदिली के ग्राम बरवाही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 11 | 19 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत कंकारी के ग्राम अजलतुआ असुर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 12 | 27 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 13 | 28 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम चिपों में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 14 | 29 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 15 | 30 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत चिरू के ग्राम टोला भलुही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 16 | 31 | पलामू जिला के प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत घासीदाग के ग्राम धतर धतर घासीदाग –04 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 17 | 32 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होटाई परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 18 | 33 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पचायत होटाई के ग्राम होईयो लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.072025 (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 14.07..2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.07.2025 अपराह्न 5:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 356338 Rural Development (25-26)_D

## घाघरा थाना में साप्ताहिक थाना दिवस का आयोजन

**गुमला।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से घाघरा थाना परिसर में साप्ताहिक थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी घाघरा की उपस्थिति में कुल 7 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य जनता की छोटी-छोटी शिकायतों और विवादों का समाधान थाने स्तर पर ही आपसी समन्वय और समझौते से करना है, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इस अवसर पर पुलिस विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे समस्याओं को बहुआयामी दृष्टिकोण से समझकर त्वरित समाधान संभव हो सका।

### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स शून्य है। अतः नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रान्तर्गत सभी कृषि योग्य भूमि मालिक अपना कृषिगत भूमि से संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक– 04.07.2025 से 08.07.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना–अपना कृषि योग्य भूमि से संबंधित दावा पेश कर सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 356362 Urban Development and Housing(25-26)#D

### कार्यालय :–जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।
Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

**(शुद्धि–पत्र)**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 1/2025 दिनांक 25/06/2025, PR No – 356043 में निम्नवत सुधार किया जाता है जो इस प्रकार है –

01. इस निविदा में Jharkhand Procurement Policy 2014 की शर्ते प्रभावी मानी जायेगी।
02. इस निविदा की EMD राशि 20,000.00 (बीस हजार रूपये) मात्र की जाती है।
03. विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 तथा 2023–24 की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
04. अंकेक्षण प्रतिवेदन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 तथा 2023–24 का संलग्न करना अनिवार्य होगा जिसमें प्रतिवर्ष Turn Over एक करोड़ से अधिक होना चाहिए। (Attached C.A UDIN Certificate)
05. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 09/07/2025 अप0 05:00 बजे तक विस्तार की जाती है।
06. निविदा खोलने की तिथि 11/07/2025 समय 03:00 बजे अपराह्न होगा।
07. निविदा में संलग्न चेक लिस्ट क्रमांक 10 में GST 3B and GST R1 June 2025 का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
08. निविदा मे संलग्न चेक लिस्ट क्रमांक संख्या 12 को अमान्य किया जाता है।

शेष निविदा की सभी शर्ते एवं कड़िकायें पूर्व की भाँति यथावत होंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 356294 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

### झारखण्ड सरकार
### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 25.07.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वादों से संबंधित अधिहरण वादों की विवरणी निम्नवत् है :–


| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04/2025 | मिश्रित प्रजाति का लकड़ी–04 बोझा। | (1) गुड़िया देवी, पति–जयनाथ भुईयाँ, (2) आशा देवी, पति–ललु भुईयाँ, (3) रागिनी देवी, पति–दिनेश भुईयाँ एवं (4) संजु देवी, पति–नन्दलाल भुईयाँ, सभी का ग्राम–भीमखाँड, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा। | |
| 2. | 20/2025 | (1) सेमल लकड़ी–लगभग 100 घनफुट (11 पीस) एवं (2) महिन्द्रा पिकअप निबंधन संख्या–UP 60J 3811 | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 356358 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

### जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

दिनांक– 03 जुलाई 2025 को माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के ने॑ानल हाईवे पर स्थित हूर मैदान पर आगमन के समय सुव्यवस्थित ट्रैफिक आवागमन का प्लान।




(4) यातायात–व्यवस्था :–माननीय मंत्री के आगमन के मद्देनजर यातायात–व्यवस्था हेतु निम्न बदलाव किये गये है :–
(1) रंका की ओर से आने वाले बड़ी वाहन सुबह 10:00 बजे पूर्वा0 से 02:00 बजे अप0 तक रंका पुल से शहर की ओर आगे नहीं जायेंगी।
(2) रंका की ओर से आने वाले सभी चार पहिया वाहन ओभरब्रिज पर न चढ़कर सीधे टंडवा की ओर जायेगी।
(3) शहीद अंजान सरीफ की ओर जाने वाली सभी गाड़ियाँ मध्या चौक से होकर ही जायेगी, फोरलेन की ओर से कोई वाहन शहीद अंजान सरीफ की ओर नहीं जायेगी बल्कि सभी गाड़ियाँ लौटने के क्रम में फोरलेन पर चढ़कर सीधा झूरा गाँव होते हुए शाहपुर रोड में जायेगी। पूरा रास्ता वनवे रहेगा। मेराल की ओर से अंजान भारीफ की ओर जाने वाली सभी गाड़ियाँ गढ़वा शहर रंका मोड़ होते हुए मध्या चौक जायेगी।
(4) कल्याणपुर ओभरब्रिज से हुर ओभरब्रिज तक फोरलेन में सबुह 10:00 बजे पूर्वा0 से 02:00 बजे अप0 तक सभी वाहनों के लिए आवागमन बंद रहेगी। नगरउँटारी के तरफ से आने वाली सभी बड़ी गाड़ियॉ लगमा से आगे नहीं बढेगें। थाना प्रभारी मेराल उक्त स्थान पर थाना स्तर से गाड़ी रोकने हेतु बल की प्रतिनियुक्ति करेंगें।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.356357 Transport(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरुरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। **- स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# प्रकृति का रौद्र रूप व हिमालय

सोशल मीडिया पर बारिश और बादल फटने के बाद प्रकृति का जो प्रकोप सामने आ रहा है वह डरावना है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी (डब्ल्यूआईएचजी) द्वारा हाल ही में किया गया अध्ययन उत्तराखंड में चिंताजनक प्रवृत्ति का खुलासा करता है : एक दशक में ग्लेशियरों की संख्या 1,266 से बढ़कर 1,290 हो गई है, जबकि हिमनद झीलों के क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह विस्तार जलवायु परिवर्तन के चलते तेजी से बर्फ पिघलने से हो रहा है, जिससे हिमनद झील विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) का खतरा बढ़ रहा है। ये अचानक और शक्तिशाली बाढ़ तब आती हैं, जब बर्फ या हिमोढ़ के प्राकृतिक बांध दबाव के कारण टूट जाते हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की वैश्विक जलवायु स्थिति, 2024 रिपोर्ट में वर्ष 2024 को अब तक के सबसे गर्म वर्षों में से एक माना गया है, यह स्थिति भयावह आपदाओं को रोकने के लिए उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट एक कठोर वैश्विक तस्वीर पेश करती है। वर्ष 2024 ने दशक की अभूतपूर्व गर्मी को चिह्नित किया है। अनवरत बढ़ती गर्मी हिमालय के ग्लेशियरों को खतरनाक गति से पिघला रही है, जिससे नई हिमनद झीलें बन रही हैं और मौजूदा झीलों का विस्तार हो रहा है। डब्ल्यूआईएचजी के अध्ययन में हिमनद झील विस्फोट बाढ़ के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डाला गया है, जो पानी, तलछट और मलबे के विनाशकारी प्रवाह को पैदा कर सकती है। अतीत की त्रासदियां, जैसे 2013 में चोराबाड़ी झील के फटने से आई केदारनाथ बाढ़, जिसमें 6,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी तथा 2021 में सिक्किम में रैनी-तपोवन और 2023 में दक्षिण ल्होनक झील की बाढ़, इन घटनाओं की विनाशकारी शक्ति को दर्शाती हैं। अपने विशाल बर्फ भंडार के कारण 'तीसरे ध्रुव' के रूप में जाना जाने वाला हिमालय बेहद संवेदनशील है। डब्ल्यूएमओ ने ग्लेशियरों के द्रव्यमान में तेजी से हो रही कमी को रेखांकित किया है, जिससे समुद्र का स्तर बढ़ रहा है तथा गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों पर निर्भर लाखों लोगों के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर खतरा है। उत्तराखंड की लगभग 350 हिमनद झीलें इस जोखिम को बढ़ाती हैं, जिनमें से पांच को उच्च जोखिम वाली 'श्रेणी ए' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

*उत्तराखंड की लगभग 350 हिमनद झीलें इस जोखिम को बढ़ाती हैं, जिनमें से पांच को उच्च जोखिम वाली 'श्रेणी ए' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।*

ढीले मलबे से बनी ये हिमनद झीलें विशेष रूप से अस्थिर होती हैं। हम जानते हैं, जलवायु परिवर्तन पूरे एशिया में चरम मौसमी घटनाओं को बढ़ा रहा है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में तीव्र हीटवेव, तूफान और बाढ़ का भारत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। जलवायु परिवर्तन संचार पर येल प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में 71 फीसदी भारतीयों ने गंभीर हीटवेव का एहसास किया, जबकि आधे से अधिक लोगों ने सूखा, जल प्रदूषण या कृषि हानि का सामना किया। जलवायु परिवर्तन के कारण केरल में वायनाड भूस्खलन जैसी घटना, जिसमें 220 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, में दस फीसदी अधिक वृद्धि हुई। हिमालय में अनियमित मानसून और ऊंचाई पर बादल फटने की घटनाएं-जो कभी दुर्लभ थीं-अब अधिक होने लगी हैं, जिससे हिमनद झीलें भर गई हैं और उनकी नाजुक हिमोढ़ दीवारें अस्थिर हो गई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण मानवीय और आर्थिक क्षति बहुत होती है।

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर विशेष

# पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानवजाती के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित करके नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को "अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस" मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम "एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करके उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना" यह है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुनः प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।

संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है। ईएमएफ 2016 अनुसार, साल 2050 तक, समुद्र में मछलियों से ज़्यादा प्लास्टिक हो सकता है। यूके सरकार 2018 अनुसार, हर साल समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से 100,000 से अधिक समुद्री स्तनधारी और दस लाख समुद्री पक्षी मारे जाते है। सभी समुद्री कूड़े में प्लास्टिक 80 प्रतिशत है। प्लास्टिक हजार साल तक नष्ट न होनेवाला अपशिष्ट है, 1950 से अब तक दुनिया भर में 9.2 बिलियन टन से ज़्यादा प्लास्टिक का उत्पादन हुआ है, जिसमें से लगभग 7 बिलियन टन कचरे के रूप में गया है। स्टेटिस्टा दर्शाता है कि, पिछले चार दशकों में वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में सात गुना वृद्धि हुई है। एशिया वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक अप्रबंधित प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो वैश्विक कुल का 65 प्रतिशत है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पिने के पानी और हमारे द्वारा साँस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं, और हाल ही में किए गए एक अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेंटा में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। प्लास्टिक से निकलनेवाले कम से कम 4,219 रसायन चिंता का विषय है। समुद्र में 24 ट्रिलियन माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होने के कारण, समुद्री जीव अक्सर प्लास्टिक निगल लेते हैं। जब समुद्री जलचर को मनुष्य खाते हैं, तो वह प्लास्टिक मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि औसत व्यक्ति हर साल समुद्री भोजन से लगभग 53,864 माइक्रोप्लास्टिक कण खाता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत बढ़कर प्रति वर्ष अनुमानित 11 किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार बढ़ेगी। हर साल 5.8 मिलियन टन से अधिक कचरे को जला दिया जाता है, जिससे हवा में डाइऑक्सिन जैसे अनेक घातक प्रदूषक फैलते है और ये श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते है, साथ ही कैंसर के जोखिम को बढ़ाते है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनुसार, 2030 तक बिना एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे से भारत को भौतिक मूल्य में 133 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि भारत प्लास्टिक प्रदूषण में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया है, जो कुल वैश्विक प्लास्टिक कचरे का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण प्रदूषण के मामले में दुनिया के किसी भी अन्य क्षेत्र से अधिक है। भारत की आधिकारिक अपशिष्ट संग्रहण दर 95 फीसदी है, जबकि शोध से पता चलता है कि वास्तविक दर लगभग 81 फीसदी है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक प्लास्टिक कचरे का केवल 8-10 प्रतिशत ही पुनर्चक्रित किया जाता है, बाकी को जला दिया जाता है या लैंडफिल और जलमार्गों में फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक बैग पशु मृत्यु को बढ़ावा देता है, यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते, प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बनाए जाते है, इसके निर्माण के दौरान जहरीले रसायन निकलते है। प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते है। प्लास्टिक बैग के बड़े जमाव से अक्सर जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है। प्लास्टिक बैग बच्चों को फेफड़ों की जटिलताओं के जोखिम बढ़ाते है और महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते है, साथ ही प्लास्टिक पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्लास्टिक बैग भूजल को प्रदूषित करते है, प्लास्टिक प्रदूषण प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। प्लास्टिक बैग के उत्पादन में बहुत अधिक पानी का उपयोग किया जाता है।



आज की बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

अनभिज्ञता या लापरवाही कहें, लोग अक्सर गर्म खाद्यपदार्थों की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग सहजता से करते है। हम अपने आसपास देखते है कि गर्म पेय, चाय, कॉफी भी छोटी-छोटी कैरीबैग में लेकर जाते है। होटल, रेस्टोरेंट या सड़कों पर गर्मागर्म स्ट्रीट फूड, नाश्ता, खाना भी प्लास्टिक प्लेट में खाते है या प्लास्टिक कैरीबैग में पार्सल के तौर पर उपयोग करते है, जो सेहत के लिए काफी घातक होता है। प्लास्टिक बैग में गर्म खाद्यपदार्थ या अन्न सामग्री का उपयोग जहर के समान है, क्योंकि गर्म खाद्यपदार्थ प्लास्टिक के संपर्क में आते ही रासायनिक प्रक्रिया शुरू करते है, प्लास्टिक गर्म होते ही उससे निकलनेवाले घातक रसायन खाद्य पदार्थों में समाविष्ट हो जाते है और मनुष्य उस खाद्यपदार्थ का सेवन करके सीधे जानलेवा बीमारियों को आमंत्रित करता है। यह सब जानते हुए भी देश में बड़ी मात्रा में खाद्यपदार्थों के लिए प्लास्टिक का उपयोग बेख़ौफ़ तरीके से होता है। प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दुरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें। फिर प्लास्टिक के संभवत पर्यायों का अवलंबन करें। उपयोग करो और फेंक दो जैसी वस्तुओं को ना कहें। प्लास्टिक कैरीबैग को पूर्णत भूल जाएं, खाद्यपदार्थों के पैकेजिंग में प्लास्टिक का उपयोग टाले। प्लास्टिक आज सुविधा परंतु जीवनभर के लिए दुविधा है यह समझें। पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बॉलीवुड की चमक नहीं जीवन की सच्चाई चुनिए

हाल ही में अभिनेत्री शेफाली के असमय निधन ने समाज को भीतर तक झकझोर दिया। बताया गया कि वे एंटी-एजिंग दवाओं और बाहरी सुंदरता बनाए रखने के अनेक उपायों का सहारा ले रही थीं। इससे पहले श्रीदेवी जी की घटना भी इसी तरह की थी। इन घटनाओं ने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है - क्या हम वाकई सही दिशा में जी रहे हैं? क्या हम इस धरती पर सिर्फ सुंदर दिखने के लिए आए हैं?आजकल हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ चेहरे की चमक को आत्मा की शांति से ज़्यादा अहमियत दी जाती है। महिलाओं की स्थिति तो और भी चिंताजनक होती जा रही है। वे जिनके भीतर सृजन की शक्ति है, जिनके पास समाज को दिशा देने का सामर्थ्य है, वे आजकल सिर्फ मेकअप, पार्टी, स्टाइल और सोशल मीडिया की दुनिया में उलझती जा रही हैं।बहुत सी महिलाएं अब ज्ञान, साधना और जीवन के उद्देश्य को पीछे छोड़कर दिखावे की ज़िंदगी में खुद को झोंक चुकी हैं। हेवी मेकअप, फ़िल्टर वाली तस्वीरें, बॉलीवुड स्टाइल की नकल और सतही दिखावा-क्या यही रह गई है एक नारी का अर्थ? बाहर की सुंदरता के पीछे भागते-भागते हम अपनी आत्मा से, अपने मूल स्वरूप से, अपने भीतर की रोशनी से कटते जा रहे हैं।हमने यह मान लिया है कि सुंदर दिखना ही सब कुछ है, चाहे उसके लिए हमें दवाओं, प्रक्रियाओं, सर्जरी या कैमरा फिल्टर्स का ही सहारा क्यों न लेना पड़े।पर यह भूल जाते हैं कि इन सबका अंत बेहद खतरनाक हो सकता है-मानसिक रूप से भी, शारीरिक रूप से भी और आत्मिक रूप से तो बहुत ही खोखला।हमें यह समझना होगा कि असली सुंदरता नेचुरल चीज़ों में है। जब हम सादा खाना खाते हैं, समय से सोते हैं, दिल से हँसते हैं, आत्मा से जुड़े रहते हैं, अपने बच्चों के साथ समय बिताते हैं — तभी हमारा चेहरा भी दमकता है, हमारी ऊर्जा भी शुद्ध रहती है और हमारा जीवन भी सार्थक बनता है।जो महिलाएं सादगी में रहकर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे रही हैं, जो रसोई में प्यार से खाना बनाती हैं, जो बिना कैमरा ऑन किए भी मुस्कुराती हैं — वही असली सुंदरता की मूरत हैं।आज जरूरत इस बात की है कि हम खुद से जुड़ें, अपने भीतर झाँकें, अपने जीवन का असली उद्देश्य खोजें।हमें सोशल मीडिया पर "कैसे दिखते हैं" से ज़्यादा इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम क्या सोचते हैं, क्या जीते हैं, और क्या सिखाते हैं।अगर हम महिलाएं अपने भीतर की शक्ति को पहचान लें, तो यह समाज सिर्फ दिखावे पर नहीं, सच्चाई पर चलेगा।हमें अपने बच्चों को यह सिखाना है कि सुंदरता चेहरे की नहीं, चरित्र की होती है।हमें प्रकृति के करीब रहना है, दिखावे से दूर। सजना है संस्कारों से, श्रृंगार से नहीं।जो अंदर से सुंदर है, वही वास्तव में अमर है। बाकी सब क्षणिक है, छलावा है।

आपकी बात



वीणा देवांगन

(veenavlogs@gmail.com)

# मैं ब्राह्मण क्यों नहीं हूं?


यह प्रश्न नहीं है, यह एक कुण्ठा है, जिससे इस देश का एक बहुत बड़ा वर्ग कुण्ठित है। इस कुण्ठा में मात्र हिंदू ही नहीं वरन् कुछ अन्य मज़हब और रिलिजन के लोग भी सम्मिलित हैं। इटावा काण्ड पर कितने ही वीडियो, लेख, ट्विट इत्यादि फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा अन्य सोशल मीडिया पर सब जगह लिखे गए। पर मूल समस्या को समझने के लिए लगभग 40 वर्ष पीछे जाना पड़ेगा। स्वर्गीय कांशीराम जी के एक साक्षात्कार में उनसे दलितों (अब यह शब्द अपना अर्थ खो चुका है, लेकिन फिर भी चूंकि प्रचलन में है) की स्थिति, दलित सशक्तिकरण, दलितों के "बहुजन समाज" होने के बावजूद उनका सत्ता से दूर रहना, उनकी कठिनाइयां, कुण्ठाएं इत्यादि इन सभी विषयों पर बात की थी। सबसे मार्मिक प्रश्न था वह इस प्रकार था- 'आपको दलितों की कौन सी सोच सबसे अधिक उद्वेलित करती है और कष्ट देती है'? उत्तर : 'दलितों को हजार समझाने के बाद भी उनके मन से "विकसित" होने का मानदंड बदलता ही नहीं। सबसे अधिक जो बात मुझे उद्वेदित करती है और कष्ट देती है वह यह है कि हर दलित विकसित होकर 'ब्राह्मण' बनना चाहता है'। काशीराम जी एक सामाजिक विचारक थे और उन्हें समाज की बहुत अच्छी समझ थी। वह समाज के, खासतौर पर दलित समाज के, मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते थे। । इस महत्वपूर्ण में उन्होंने आगे कहा था कि दुर्भाग्य यह है कि सिर्फ दलित ही नहीं अन्य जातियां भी विकसित होकर ब्राह्मण ही बनना चाहती हैं। जब आपका लक्ष्य ही ब्राह्मण बनना है तो ब्राह्मणों की श्रेष्ठता तो आप खुद ही स्थापित कर रहे हैं। इसी भ्रम को, इसी मानदंड को, इसी सोच को मैं बदलना चाहता हूं'। इटावा में जो घटना हुई उसके मूल में भी यही है। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सी जाति कथा-वाचन कर सकती है कौन नहीं कर सकती। आदिकाल से सभी जातियां कथा वाचन, भक्ति, पूजा करती आ रही हैं। हर जाति में महापुरुष हुए हैं, हर जाति में संत हुए हैं और बहुत महान संत और दार्शनिक हुए हैं, जिनका सम्मान ब्राह्मणों ने भी किया है। सभी को ईश्वर की आराधना करने और ईश्वर के गुणगान करने का अधिकार है। साधारण भाषा में कहें तो कथा-वाचन ईश्वर का गुणगान है। परंतु असली प्रश्न यह है कि अपनी जाति को प्रकट करके यह क्यों नहीं किया जा सकता? किसी दलित को मुकुट मणि 'अग्निहोत्री' या किसी यादव को 'तिवारी' बनना आवश्यक क्यों है? जब तक यह कुण्ठा बाहर नहीं निकलती तब तक इनका पूर्ण विकास कभी नहीं हो सकता। और इस कुण्ठा से अधिकांश निकल ही नहीं पाते । यह आज से नहीं, आदिकाल से है। विश्वामित्र क्षत्रिय थे लेकिन उन्हें भी ब्राह्मण बनना था। शंबूक को भी ब्राह्मण बनना था। मुकुट मणि को भी 'अग्निहोत्री' (ब्राह्मण) बनना है। श्रेष्ठता के जो मानदण्ड ब्राह्मणों ने स्थापित किया अन्य उन्हें ही महानतम मानदण्ड मानते हैं तो फिर लड़ाई किस बात की है? मायावती भी ब्राह्मणों की तरह 'चरण छू' में सबसे अधिक गौरव महसूस करती हैं। इस युग का महा ब्राह्मण-द्रोहियों में एक चंद्रशेखर 'रावण' है जिसे यह तक पता नहीं है कि वह जो 'रावण' बनने का प्रयास कर रहा है वह रावण स्वयं ब्राह्मण था। रावण कोई साधारण ब्राह्मण नहीं था। उस युग में उसके समान धनवान, गुणवान, विद्वान, शास्त्रज्ञ, रणनीतिकार, तपस्वी और कोई नहीं था। कर्नाटक में ब्राह्मण विरोधी गौरी "लंकेश" को भी "लंकेश" ही बनना था। मुझे समझ नहीं आता की सारे ब्राह्मण-द्रोही 'विकसित' होकर 'ब्राह्मण' ही क्यों बनना चाहते हैं? ब्राह्मण-द्रोह का प्रमुख कारण ही कुण्ठा है। यदि ब्राह्मणों के बनाए मानदण्ड ही सर्वश्रेष्ठ हैं तो फिर चुपचाप अपने घर में बैठो और सत्कर्मों से, विचार से, गुणों से ब्राह्मण बनने का प्रयास करो। न तो ब्राह्मणों ने अपनी जाति चुनी है और ना आपने। इसमें दोनों का कोई गुण या दोष नहीं है। ना किसी की श्रेष्ठता प्रकट होती है और ना किसी की निम्नता। यह विधि का विधान है या संयोग है कि कौन कहां पैदा हुआ। या यदि पुनर्जन्म और धर्म ग्रंथो को माने तो यह व्यक्ति के कर्म/प्रारब्ध के अनुसार निर्धारित होता है। यानी पूर्व जन्म के कर्म के अनुसार आपका वर्ण/ जाति निर्धारित होती है। मेरी सोच यह है ब्राह्मण बनने की बचाए अपने को इतना श्रेष्ठ करो कि ब्राह्मण स्वयं आपका सम्मान करें। ऐसे अनेक उदाहरण है- माता अमृतानंदमयी के चरण लाखों ब्राह्मण छूते हैं, जबकि उनका जन्म शूद्र वर्ण में हुआ था। पद्म विभूषण गंगूबाई हंगल शास्त्रीय संगीत की महान गायिका थीं जिनका जन्म भी शूद्र वर्ण में हुआ था। इन्हें संगीत की शिक्षा ब्राह्मण गुरुओं से ही मिली थी। जब इन्होंने गायन की ऊंचाइयों को प्राप्त कर लिया तो अनेकानेक ब्राह्मण इनको अपने घर बुलाकर भोजन कराते थे और सम्मान करते थे, पैर भी छूते थे। तो भाई जाति छुपाकर 'अग्निहोत्री' या 'तिवारी' बनने के बजाय ब्राह्मण जैसे श्रेष्ठ गुणों का विकास करो। ब्राह्मण जाति नहीं सद्गुणों की श्रेष्ठता है। सद्गुणी बनिए, स्वयं ब्राह्मण बन जायेंगे। ऋषि विश्वामित्र ने यही किया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



मेजर सरस त्रिपाठी

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक बदलते देश की, ऐसी है तस्वीर।
अपराधी अब घूमते, बनकर यहाँ फकीर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दुनिया के एक चौथाई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं !

यह जानकर धक्का लगना स्वाभाविक है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को की विश्व भर के शिक्षा हालात के अध्ययन पर आइ एक ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चों के शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। दुनिया भर में बच्चों किशोरों युवाओं की शिक्षा संबंधी यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ता जनक हालात को बयान करती है।एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल है और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। आपको बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की उम्मीद है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं। 2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा। वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। चार में से तीन देश दो शिक्षा वित्त मानकों में से किसी को भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस चिन्ता का आधार इस रिपोर्ट का यह अंश बनता है कि इन आंकड़ों में यूनेस्को की पिछली रिपोर्ट से 2.1 करोड़ वंचित बच्चों की वृद्धि दर्ज की गई है। वृद्धि का यह आंकड़ा गरीब देशों में तो विस्तृत हुआ ही है, अनेक विकासशील देश भी इससे अछूते नहीं रहे हैं। निःसंदेह विकासशील देशों के तौर पर इनमें भारत का नाम भी शुमार है हालांकि भारत संबंधी अलग आंकड़े इस रिपोर्ट में नहीं हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफ़ा हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र की आबादी संबंधी रिपोर्ट में बताया गया है कि बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में हालांकि यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। अतः ऐसे देशों के शिक्षा से वंचित बच्चों को शुमार करने से स्वाभाविक रूप से यह संख्या और बढ़ेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



मनोज कुमार अग्रवाल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## ट्रंप के हरकतों से डालर की हालत होने लगी पतली

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कई दशक से दुनिया पर राज कर रही अमेरिका की करेंसी डालर की हालत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हरकतों से पतली होने लगी है। साल के पहले 6 महीनों में डॉलर इंडेक्स में 10.8% गिरावट आई है। यह साल 1973 में गोल्ड ब्रेटन वूड्स सिस्टम खत्म होने के बाद डॉलर का सबसे खराब प्रदर्शन है। इस सिस्टम को 1944 में बनाया गया था। इसमें डॉलर व फिक्स्ड एक्सचेंज रेट्स के लिए गोल्ड को आधार बनाया गया था। डॉलर के लिए 2009 के बाद किसी 6 महीने में यह सबसे खराब प्रदर्शन है। साथ ही ब्लूमबर्ग डॉलर स्पॉट इंडेक्स में लगातार छठे महीने गिरावट आई है। इससे पहले आठ साल पहले यह इंडेक्स इतने लंबे समय तक गिरा था। अमेरिकी डॉलर में इस साल स्विस फ्रेंक को मुकाबले 14.4 %, यूरो के मुकाबले 13.4 %, जापानी येन के मुकाबले 10.5 % और पाउंड के मुकाबले 9.6 % गिरावट आई है।' ट्रंप टैरिफ, देश में डेफिसिट स्पेंडिंग के संकट और फेड पर ब्याज में कटौती के दबाव से निवेशकों का डॉलर से मोहभंग हुआ है। यही वजह है कि यूएस डॉलर बियर मार्केट टेरिटरी के करीब पहुंच गया है। हाल के वर्षों में कई देशों ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की हिस्सेदारी कम की है और सोने की हिस्सेदारी बढ़ाई है। ग्लोबल रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी 2025 की दूसरी तिमाही में 23% पहुंच गई जो 30 साल में सबसे ज्यादा है। बीते छह साल में ग्लोबल रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी दोगुनी हो चुकी है। चीन, तुर्की, भारत और पोलैंड समेत दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंक तेजी से अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे हैं। चीन के केंद्रीय बैंक ने मई में लगातार सातवें महीने सोने की खरीदारी की। इतना ही नहीं, चीन अपने नागरिकों को भी सोने की होल्डिंग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। साल की दूसरी तिमाही में ग्लोबल रिजर्व में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी 10 परसेंटेज पॉइंट घटकर 44 फीसदी रह गई है जो 1993 के बाद सबसे कम है।

- **टैरिफ, देश में डेफिसिट स्पेंडिंग के संकट व फेड पर ब्याज में कटौती से निवेशकों का डॉलर से मोहभंग हुआ है**

# 500% टैरिफ... रूस से भारत की दोस्ती तुड़वाने पर अड़ गए ट्रंप

## सीनेट से मिली होश उड़ाने वाले विधेयक को मंजूरी

न्यूयॉर्क । एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीनेट के एक विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत रूस से तेल और ऊर्जा उत्पाद खरीदने वाले चीन और भारत जैसे देशों पर 500% टैरिफ लगाया जा सकता है। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप ने उनसे कहा है कि प्रतिबंध विधेयक को मतदान के लिए आगे लाया जाना चाहिए। ग्राहम रूस पर नए सख्त प्रतिबंध विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। ग्राहम ने ट्रम्प के निर्णय को एक बड़ी सफलता बताया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन पर बातचीत की मेज पर लाने के प्रयासों का हिस्सा है और ट्रम्प को ऐसा करने के लिए "एक उपकरण" प्रदान करता है।

### किस बारे में है ये बिल?

यदि आप रूस से उत्पाद खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके उत्पादों पर संयुक्त राज्य अमेरिका में आने पर 500% टैरिफ लगेगा। भारत और चीन पुतिन के तेल का 70% खरीदते हैं। वे उसकी युद्ध मशीन को चालू रखते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रम्प को छूट प्राप्त है और वे यह निर्णय ले सकते हैं कि कांग्रेस द्वारा पारित किए जाने के बाद इसे कानून बनाना है या नहीं। इससे पहले ग्राहम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मुझे रूसी प्रतिबंध विधेयक के लिए 84 सह-प्रायोजक मिले हैं, जो यूक्रेन पर रूस के क्रूर आक्रमण के लिए चीन, भारत और रूस के खिलाफ एक आर्थिक बंकर बस्टर है। मुझे लगता है कि यह विधेयक पारित होने जा रहा है।



सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, मई 2025 में भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था। इसने अनुमान लगाया कि भारत ने मई में रूस से 4.2 बिलियन यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे, जिसमें कच्चे तेल की मात्रा कुल मात्रा का 72% थी।

## अब अमेरिकियों को ही देश से बाहर करने लगे डोनाल्ड ट्रंप

### डिपोर्टेशन पर बताया अपनी सरकार का अगला टारगेट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित करने का आह्वान किया, जिन्होंने 'बेसबॉल बैट से लोगों को मारने' जैसे अपराध किए हैं। फ्लोरिडा में प्रवासी हिरासत केंद्र के दौरे के दौरान ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, "वे हमारे देश के लिए नए नहीं हैं। वे हमारे देश के लिए पुराने हैं। उनमें से कई हमारे देश में पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरों के सिर पर बेसबॉल बैट मारकर या चाकू मारकर हत्या करते हैं, उन्हें अमेरिका से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए। ट्रंप ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप सच जानना चाहते हैं तो हमें उन्हें यहां से भी निकाल देना चाहिए। तो शायद यही अगला काम होगा। रिपब्लिकन ने न्यूयॉर्क का भी ज़िक्र किया और कहा कि शहर में ऐसी कई घटनाएँ हुई हैं, जो उनके अनुसार दुर्घटनाएं नहीं थीं। उन्होंने कहा कि भले ही हम उन्हें भूल जाएँ, लेकिन न्यूयॉर्क में कुछ बहुत बुरी दुर्घटनाएँ हुई हैं। वे दुर्घटनाएँ नहीं थीं। अमेरिकी न्याय विभाग ने पिछले महीने एक ज्ञापन जारी किया था जिसमें कहा गया था कि वह कुछ लोगों की नागरिकता रद्द कर देगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अपराध किए हैं, जासूसी की है, या जानबूझकर गलत जानकारी देकर महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए हैं। मेमो में कहा गया कि युद्ध अपराध, न्यायेतर हत्या या अन्य गंभीर मानवाधिकार हनन में संलिप्त व्यक्तियों की नागरिकता रद्द कर दी जाएगी; प्राकृतिक अपराधियों, गिरोह के सदस्यों या वास्तव में, ऐसे किसी भी व्यक्ति को नागरिकता से हटा दिया जाएगा जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरा पैदा करने वाले अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया हो; तथा दोषी ठहराए गए आतंकवादियों को अमेरिकी धरती पर लौटने या अमेरिकी पासपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने से रोका जाएगा।

## सरकार ने ओला-उबर, रैपिडो इनड्राइव को पीक आवर में किराया दोगुना वसूलने की अनुमति दी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने जो नए नियम जारी किए हैं, उसके अनुसार यदि आप ओला, उबर, रैपिडो , इनड्राइव से यात्रा करते हैं तो पीक आवर में दो गुना चार्ज देना होगा। सरकार ने राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म के लिए नए नियम बनाए हैं। अब ये कंपनियां पीक आवर्स में बेस फेयर से दोगुना तक चार्ज कर सकती हैं। पहले यह लिमिट 1.5 गुना थी। इन नियमों के अनुसार नॉन-पीक आवर्स में किराया बेस फेयर का कम से कम 50% होना चाहिए। सरकार ने सभी राज्य सरकारों को कहा है कि वे इन नियमों को तीन महीने के अंदर लागू करें।मंत्रालय के मुताबिक इसका मकसद यह है कि यात्रियों को ज्यादा डिमांड के समय उचित कीमत पर राइड मिले और कंपनियां मनमानी छूट न दे सकें। अलग-अलग तरह की गाड़ियों जैसे टैक्सी, ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी के लिए बेस फेयर राज्य सरकारें तय करेंगी। अगर किसी राज्य ने अभी तक बेस फेयर तय नहीं किया है, तो राइड-हेलिंग कंपनी को राज्य सरकार को अपना किराया बताना होगा। दिल्ली व मुंबई में टैक्सी का बेस फेयर लगभग 20-21 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये है। राइड कैंसिलेशन के मामले में अगर ड्राइवर ऐप पर राइड एक्सेप्ट करने के बाद बिना किसी खास वजह के उसे कैंसिल करता है, तो उस पर किराये का 10% जुर्माना लगेगा, जो कि अधिकतम 100 रुपये हो सकता है। यह जुर्माना ड्राइवर और राइड-हेलिंग कंपनी दोनों को मिलकर भरना होगा। इसी तरह, यदि कोई यात्री बुक की गई राइड को कैंसिल करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगेगा। नए नियमों के अनुसार, राइड-हेलिंग कंपनियों के साथ काम करने वाले सभी ड्राइवरों के लिए इंश्योरेंस कवर अनिवार्य कर दिया गया है। हर ड्राइवर को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस मिलना चाहिए। मंत्रालय ने यह भी साफ किया है कि ड्राइवर को यात्री को लेने जाने से पहले खाली गाड़ी चलाने का चार्ज (डेड माइलेज चार्ज) नहीं लगेगा, जब तक कि पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम न हो। अगर पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम है, तो ड्राइवर यात्री के घर से ही किराया लगा सकता है।यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को व्हीकल लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगाने होंगे। इस डिवाइस से मिलने वाला डेटा कंपनी के सिस्टम के साथ-साथ राज्य के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भी भेजा जाएगा। सर्विस की क्वालिटी बनाए रखने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को हर साल सभी ड्राइवरों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग करानी होगी। इसके अलावा, जिन ड्राइवरों की रेटिंग कंपनी के साथ उनके कार्यकाल के दौरान सबसे निचले 5% में आती है, उन्हें हर तीन महीने में रिफ्रेशर कोर्स करना होगा। जो ड्राइवर ऐसा नहीं करेंगे, उन्हें राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर काम करने से रोक दिया जाएगा।

# विदेशी वकीलों की सदस्यता को लेकर बढ़ते विवाद

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में वकीलों की सर्वोच्च नियामक संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया और सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स के बीच विदेशी वकीलों की सदस्यता को लेकर बने नए नियमों पर तकरार तेज हो गई है। बीसीआई ने एसआईएलएफ के सदस्यों को चेतावनी दी है कि संस्था की अधिकारिता को कमजोर करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। राज्यसभा में बीजेपी सांसद और सीनियर एडवोकेट मनन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बीसीआई ने एसआईएलफ पर आरोप लगाया है कि वह "स्व-रक्षण की संस्था" बन गई है, जो कुछ चुनिंदा भारतीय लॉ फर्म्स के हितों की रक्षा कर रही है, जिन्होंने कॉरपोरेट व मध्यस्थता के काम में एकतरफा दबदबा बना लिया है।बीसीआई ने एक बयान में आरोप लगाया कि इन फर्म्स ने विदेशी क्लाइंट्स व नेटवर्क्स के साथ अनौपचारिक संबंधों का लाभ उठाया है, जिससे छोटे व मध्यम आकार की फर्म्स को सीमा-पार कानूनी काम के अवसरों से वंचित होना पड़ा। एसआईएलफ के अध्यक्ष ललित भसीन ने बीसीआई के ताज़ा बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।उनका कहना है कि एसआईएलफ अपने सुझाव तैयार कर रहा है ताकि नियमों को 2018 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के अनुरूप बनाया जा सके, जिसमें विदेशी वकीलों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी गई थी, लेकिन सिर्फ "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर। उन्होंने कहा कि ये सुझाव भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को ध्यान में रखते हुए दिए जाएंगे, जिन्हें बीसीआई द्वारा नियम बनाते समय पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। जब उनसे बीसीआई के कड़े बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो भसीन ने कहा, "हम बीसीआई के पत्र का जवाब तब देंगे जब हम अपने सुझाव उन्हें सौंपेंगे, साथ ही ये सुझाव केंद्रीय कानून मंत्रालय, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजे जाएंगे." मालूम हो कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सायरिल श्रॉफ की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है, जो संबंधित पक्षों से बातचीत करेगी और नियमों के संतुलित और रचनात्मक क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। मई 2025 में, बीसीआई ने विदेशी वकीलों को भारत में काम करने की अनुमति देने वाले नए नियम अधिसूचित किए थे, लेकिन उन्हें केवल सलाहकार भूमिका या गैर-मुकदमेबाज़ी मामलों जैसे विदेशी कानून, अंतरराष्ट्रीय कानून या अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक मध्यस्थता तक सीमित रखा गया है।बीसीआई ने कहा कि ये नियम "विस्तृत परामर्श" और भारतीय लॉ फर्म्स की "सकारात्मक प्रतिक्रिया" के आधार पर बनाए गए हैं। इन नियमों का क्रियान्वयन नियामकीय निगरानी और भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, विदेशी लॉ फर्म्स को बीसीआई के साथ पंजीकरण कराना होगा। यह शर्त इसलिए जोड़ी गई है ताकि भारत में सेवा देने के दौरान ये फर्म्स जवाबदेह बनी रहें। एसआईएलएफ ने इन नियमों का विरोध किया है। उनका कहना है कि ये 2018 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करते हैं। उस फैसले में विदेशी लॉ फर्म्स को भारत में काम करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन साथ ही केंद्र सरकार और बीसीआई को उनके संचालन को विनियमित करने का निर्देश भी दिया गया था। एसआईएलएफ का दावा है कि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा था कि विदेशी वकीलों को सिर्फ "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर काम करने की अनुमति दी जाए लेकिन एसआईएलएफ का तर्क है कि बीसीआई के नियम अदालत की इस महत्वपूर्ण टिप्पणी की अनदेखी करते हैं और इनका दायरा बहुत बढ़ा हुआ है, क्योंकि ये विदेशी लॉ फर्म्स को भारतीय फर्म्स के साथ साझेदारी करके भारत में काम करने की अनुमति देते हैं। भारत में विदेशी वकीलों की एंट्री हमेशा से एक विवादास्पद मुद्दा रही है, और यह पहली बार नहीं है जब इस कदम का विरोध हुआ हो। पहले भी, विदेशी अधिवक्ताओं को भारत में वकालत करने की अनुमति देने के सुझाव पर स्थानीय कानूनी समुदाय ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में यह फैसला नहीं दिया कि वे भारत में न तो दफ्तर खोल सकते हैं और न ही किसी भी प्रकार की वकालत—चाहे मुकदमेबाज़ी से जुड़ी हो या सलाहकारी भूमिका में—कर सकते हैं। सन 2000 में, राजधानी दिल्ली के वकीलों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था, जब भारत के विधि आयोग के एक वर्किंग पेपर ने अधिवक्ताओं अधिनियम, 1961 में संशोधन करके विदेशी कानूनी सलाहकारों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने का सुझाव दिया था। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान जब वकीलों ने संसद की ओर मार्च करने की कोशिश की, तो दिल्ली पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई और उन पर लाठीचार्ज किया गया। इसी बीच, भारतीय रिज़र्व बैंक पहले ही विदेशी लॉ फर्म्स को भारत में लायज़न ऑफिस खोलने के लिए लाइसेंस जारी कर चुका था। यह लाइसेंस विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के तहत दिए गए थे। इस कदम को चुनौती देते हुए गैर-लाभकारी संस्था लॉयर्स कलेक्टिव ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि भारत में कानूनी व्यवस्था को अधिवक्ताओं अधिनियम नियंत्रित करता है, इसलिए आरबीआई को ऐसे लाइसेंस जारी करने का अधिकार नहीं था।

दिसंबर 2009 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इन लाइसेंसों को अमान्य करार देते हुए रद्द कर दिया और यह स्पष्ट किया कि "प्रैक्टिस" की परिभाषा में क्या-क्या शामिल होता है। कोर्ट ने कहा कि दस्तावेज तैयार करना, कानूनी राय देना, क्लाइंट्स को सलाह देना, और केवल कोर्ट में पेश होना ही नहीं, बल्कि ये सभी गतिविधियां "प्रैक्टिस" की श्रेणी में आती हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि गैर-मुकदमेबाज़ी सेवाएं देने के लिए भी लॉ ग्रेजुएट्स को अधिवक्ताओं अधिनियम के तहत राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। एक साल बाद मद्रास हाई कोर्ट ने एक भिन्न दृष्टिकोण अपनाया और कहा कि हालांकि विदेशी लॉ फर्म्स या वकील अधिवक्ताओं अधिनियम या बीसीआई के नियमों का पालन किए बिना भारत में प्रैक्टिस नहीं कर सकते, लेकिन उन्हें अस्थायी रूप से भारत आने या "फ्लाई-इन, फ्लाई-आउट" आधार पर विदेशी कानून या अंतरराष्ट्रीय कानूनी मामलों पर सलाह देने से रोका नहीं जा सकता। यह फैसला वकील ए.के. बालाजी द्वारा दायर एक याचिका पर आया था, जिसमें उन्होंने कई विदेशी लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग फर्म्स की स्थापना को चुनौती दी थी। बालाजी ने इन एलपीओज को विदेशी लॉ फर्म्स बताया था, जो अधिवक्ताओं अधिनियम के तहत मान्य नहीं थीं। मद्रास हाई कोर्ट ने भारत में मध्यस्थता कार्यवाही, खासकर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक मध्यस्थता के तहत, विदेशी वकीलों की भागीदारी को भी अनुमति दी थी।मद्रास हाई कोर्ट के इस फैसले से असहमति जताते हुए बीसीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जिसने 2018 में इस मुद्दे पर एक विस्तृत निर्णय सुनाया।भसीन ने भारत में विदेशी वकीलों पर लगाई गई सीमाओं पर ज़ोर देते हुए 2018 के फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा, "फैसले ने बीसीआई को निर्देश दिया था कि वह सभी पक्षकारों से चर्चा करके नियम बनाए। लेकिन संस्था ने ऐसा किए बिना ही नियम जारी कर दिए।" 2023 में भी बीसीआई ने एक नियमावली जारी की थी, लेकिन उसे दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। भसीन ने बताया कि 2023 और 2025 के नियमों में कोई अंतर नहीं है, इसलिए बीसीआई को मामले के फैसले तक इंतज़ार करना चाहिए था। बीसीआई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित चुनौती के बावजूद, 2023 में जारी नियमों पर कोई रोक नहीं लगी है, इसलिए नई नियमावली जारी करने से बीसीआई को नहीं रोका गया।



- **एसआईएलएफ की तैयारी :** एसआईएलएफ वर्तमान में अपने सुझाव तैयार कर रहा है, ताकि नियमों को सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले के अनुसार ढाला जा सके।
- **विदेशी वकीलों की सीमित अनुमति :** सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले में विदेशी वकीलों को भारत में "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर ही काम करने की अनुमति दी गई थी।
- **भारतीय लॉ फर्म्स के हित :** भसीन ने कहा कि एसआईएलएफ के सुझाव भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं।
- **बीसीआई पर आरोप :** ललित भसीन का आरोप है कि नियम बनाते समय भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को बीसीआई द्वारा पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

# दिमाग को तेज और स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये चार आदतें, डिमेंशिया से बचें

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इन दिनों आदमी जीवन जीने के संघर्ष में इस कदर तनाव, प्रदूषण में व विषाक्त आहार , साइड इफ़ेक्ट करने वाली दवाओं पर जी रहा है कि उसका असर उसके शरीर के हर अंग - प्रत्यंग व उसके काम पर पड़ रहा है। उसी तरह का एक असर दिमाग पर भी देखने को मिलने लगा है। याददाश्त कमजोर होने की। पहले कहा जाता था कि उम्र बढ़ने से शरीर के अंग शिथिल पड़ने लगते हैं।लेकिन अब तो देखने , सुनने , सोचने, याद करने की क्षमता में भी पहले ही कमी आने लगी है। इसके लक्षण व्यक्ति के बूढ़े होने के बजाय जवानी से ही दिखने लगे हैं। यह असर सिर्फ शरीर पर ही नहीं दिखता बल्कि याददाश्त भी कमजोर होने लगती है, लोग जरूरी काम व जरूरी चीजें रखकर भूल जाते हैं। भूलने की इस बीमारी को डिमेंशिया कहा जाता है। भारत व विश्व में करोड़ो लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। डिमेंशिया को हिंदी में मनोभ्रंश या स्मृतिभ्रंश कहते हैं। यह एक व्यापक शब्द है जो मस्तिष्क के काम करने की क्षमता में गिरावट को दर्शाता है, जिससे सोचने, याद रखने और तर्क करने की क्षमता प्रभावित होती है, और यह दैनिक जीवन को बाधित करता है।यह एक न्यूरो कॉग्निटिव बीमारी है जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और रोजमर्रा के कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2021 में दुनिया भर में लगभग 57 मिलियन लोग डिमेंशिया से ग्रसित थे। वैसे तो यह बीमारी बढ़ती उम्र वालों को ज्यादे चपेट में लेने लगी है, लेकिन जीवन चर्या , खान -पान व रहन-सहन में कुछ बदलाव करके इसके बढ़ने की गति कुछ धीमा करते हुए बचाव किया जा सकता है। इस बारे में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट व अल्जाइमर रिसर्च यूके के चीफ मेडिकल ऑफिसर प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि मस्तिष्क को स्वस्थ रखने व डिमेंशिया के खतरे को कम करने के लिए 4असरदार तरीके व कसरत हैं जो आपकी याददाश्त को मजबूत बनाते हैं, जो निम्न हैं-

**कुछ नया सीखें :** मस्तिष्क को किसी नई व अपरिचित चीज़ से चुनौती देना नई न्यूरल पाथवे बनाने में मदद करता है और कॉग्निटिव रिजर्व (कॉग्निटिव रिजर्व वह क्षमता है जो मस्तिष्क को क्षति या बीमारी के बावजूद सामान्य रूप से काम करने में मदद करती है। यह एक ऐसा गुण है जो मस्तिष्क को नुकसान के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है, जिससे व्यक्ति संज्ञानात्मक गिरावट से बेहतर ढंग से निपट सकता है।) को बढ़ाता है। कई शोध में ये बात साबित हो चुकी है कि सीखने की प्रक्रिया मस्तिष्क को लचीला व उम्र से संबंधित नुकसान को रोकती है। ये गतिविधियां मस्तिष्क के अलग-अलग हिस्सों को सक्रिय करती हैं और मस्तिष्क को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि ऐसी गतिविधियों में भाग लेना जो आपको खुशी देती हैं, बेहद जरूरी है। आप पेंटिंग, कोडिंग, डांसिंग जैसे कार्यों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।



**पूरे दिन किसी काम में व्यस्त रहें :** यदि आप अपने मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त करना चाहते हैं तो आप पूरा दिन अपने को एक्टिव रखें। शरीर को सक्रिय रखने के लिए कसरत कीजिए। नियमित शारीरिक गतिविधि रक्तचाप , कोलेस्ट्रॉल व वजन को कम कर सकती है तथा मस्तिष्क के स्वास्थ्य में भी सुधार कर सकती है। नियमित रूप से 20 मिनट तक कसरत करने से हृदय ( दिल )की सेहत दुरुस्त रहती है और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है।


**टहलें जरूर :** अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए ज़रूरी नहीं कि भारी-भरकम वर्कआउट करें। सिर्फ टहलने से भी आप अपनी याददाश्त को तेज कर सकते हैं और मस्तिष्क के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। चलना एक आसान व प्रभावी तरीका है जो ब्रेन हेल्थ को बेहतर बनाता है। टहलना मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है। जिंदगी भर थोड़ा लेकिन नियमित रूप से सक्रिय रहना सबसे ज्यादा जरूरी है।


**लोगों से मेलजोल बढ़ाएं :** यदि आप अपनी याददाश्त को ठीक रखना चाहते हैं और डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) से बचाव करना चाहते हैं तो आप लोगों से मेलजोल रखें। प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि मजबूत सामाजिक संबंध मस्तिष्क की सेहत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। 2023 के एक अध्ययन के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास गुणवत्तापूर्ण सामाजिक संपर्क नहीं होता, तो मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस नामक हिस्से का आकार कम हो सकता है। हिप्पोकैम्पस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो यादों को बनाने और याद रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। इससे सोचने-समझने की क्षमता भी घटती है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।इसलिए उक्त 4 काम करके अपने मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस नामक हिस्से का आकार कम नहीं होने दें, और मस्तिष्क को स्वस्थ रखें।

### सिनेमा को मिलने जा रही है नयी जोड़ी!

## प्रभास करेंगे करीना कपूर खान के साथ रोमांस?...

मारुति द्वारा निर्देशित प्रभास की अगली फिल्म द राजा साहब ने पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। हॉरर-कॉमेडी में प्रभास एक मजेदार और नए किरदार में हैं और प्रशंसकों को उनका लुक और टीजर काफी पसंद आ रहा है। पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित इस फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन अब, इससे भी बड़ी चीज की योजना बनाई जा रही है - और यह सभी का ध्यान खींच रही है। कुछ महीने पहले, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि करीना कपूर प्रभास और संदीप रेड्डी वांगा की कॉप एक्शन ड्रामा स्पिरिट में अभिनय करेंगी।





**कहानी फिल्म जगत की**

मारुति द्वारा निर्देशित प्रभास की अगली फिल्म द राजा साहब ने पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। हॉरर-कॉमेडी में प्रभास एक मजेदार और नए किरदार में हैं...

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

### अदालत की अवमानना की दोषी करार

ढाका । एजेंसी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अदालत की अवमानना के एक मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने इसी मामले में गाईबांधा के गोविंदगंज निवासी शकील अकंद बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुनाई है। यह पहली बार है जब अपदस्थ अवामी लीग नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है, जब से वह लगभग एक साल पहले देश छोड़कर भाग गई थी। इस साल जून में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के अभियोजकों ने पिछले साल बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का औपचारिक आरोप लगाया। आईसीटी के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि हसीना ने अपनी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों पर "व्यवस्थित हमला" किया।






# कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को फूड लाइसेंस जरूरी

धामी सरकार के सख्त निर्देश



● **फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड :** होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालयों को 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' भी लगाना होगा जिससे ग्राहक ज़िम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर सकें।

**एजेंसी। हरिद्वार**

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र को प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त आर राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा मार्ग पर होटल व ढाबा मालिकों तथा ठेले और स्टॉल पर खाने-पीने की चीज़ें बेचने वालों को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र की साफ प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करनी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों और ठेला-खोमचा मालिकों को भी अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखने और प्रदर्शित करने होंगे।


उन्होंने आगे कहा कि होटल, भोजनालय, ढाबे और रेस्तरां को भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' लगाना होगा, जिससे ग्राहक खाद्य गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर सकें। कुमार ने कहा कि इन निर्देशों का पालन न करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आदेशों का सख्ती से पालन हो। उन्होंने कहा कि पंडालों और सामुदायिक रसोई में श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिलावट करने वालों और मानकों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### विशेष टीमें नियमित रूप से जांच के लिए नमूने एकत्र करेंगी

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले और पेय पदार्थों के नमूने एकत्र करेंगी और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजेंगी। यदि कोई नमूना निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो प्रतिष्ठान को तुरंत बंद कर दिया जाएगा। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू होने वाली है, जो श्रावण मास की शुरुआत का प्रतीक है। यात्रा के दौरान, भक्त हरिद्वार, गौमुख, गंगोत्री और सुल्तानगंज जैसे स्थलों से गंगा से पवित्र जल एकत्र करते हैं और इसे 'जलाभिषेक' की रस्म के माध्यम से स्थानीय शिव मंदिरों में चढ़ाते हैं।

# कोविड वैक्सीन और अचानक मौत में कोई संबंध नहीं : आईसीएमआर-एम्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के व्यापक अध्ययनों ने साफ कर दिया है कि कोविड-19 टीकों और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। इन अध्ययनों में जीवनशैली और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं को अचानक मौतों का प्रमुख कारण बताया गया है। आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने 18 से 45 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए दो अध्ययन किए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान ने मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में किया। इसमें अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच स्वस्थ दिखने वाले लोगों की अचानक मृत्यु के मामलों की जांच की गई। दूसरा अध्ययन वास्तविक समय में मौतों के कारणों का विश्लेषण करता है। इन अध्ययनों से साफ हुआ कि कोविड-19 टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनके गंभीर दुष्प्रभाव बहुत दुर्लभ हैं। अचानक मौतों के पीछे आनुवंशिक कारण, खराब जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं मुख्य कारक हैं। अध्ययनों में पाया गया कि इस आयु वर्ग में दिल का दौरा (मायोकार्डियल इंफार्क्शन) अचानक मौत का सबसे बड़ा कारण है। पिछले वर्षों की तुलना में मौतों के कारणों में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया। कई मामलों में आनुवंशिक बदलाव (म्यूटेशन) को भी मौत का संभावित कारण माना गया। अंतिम परिणाम जल्द साझा किए जाएंगे।

# फेमस होने के लिए सामाजिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश, तीन पर मामला दर्ज

**एजेंसी। मोतिहारी**

बिहार के पूर्वी चंपारण के टिकुलिया गांव में भाईचारे को खराब की एक बड़ी साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। गांव की साझी विरासत और सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाने की कोशिश कुछ लोगों ने महज "सोशल मीडिया की शोहरत" के लिए की थी, लेकिन मोतिहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर ऐसी मानसिकता पर चोट की है जो समाज को जाति के नाम पर बांटना चाहती थी। आदापुर थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव में "ब्राह्मणों का प्रवेश वर्जित है" लिखे बोर्ड ने सोशल मीडिया से लेकर स्थानीय समाज तक सनसनी फैला दी। जांच में पता चला कि यह बोर्ड मंदीप कुमार नामक युवक (यूट्यूबर) द्वारा लगाया गया, जिसका मकसद यूट्यूब पर फेमस होना और विवाद खड़ा करना था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आदापुर थाना में कांड संख्या 246/25 दर्ज किया है। टिकुलिया निवासी कृष्णा राय के पुत्र मंदीप कुमार ने यह कृत्य अपने दो साथियों के सहयोग से किया, जिसमें बखरी निवासी संजीत कुशवाहा और भेलवा निवासी मनीष कुमार शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि तीनों ने मिलकर गांव के बाहर ऐसा बोर्ड लगवाया जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ सके। लेकिन गांव के बुद्धिजीवियों ने तुरंत इसकी जानकारी दी और मोतिहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर्ड हटवा दिया।

# आर्केस्ट्रा समूहों पर छापे में 6 नाबालिग बच्चियों को कराया गया मुक्त

● मुक्त कराई गई बच्चियों को दिल्ली, पश्चिम बंगाल और नेपाल से ट्रैफिकिंग के जरिए लाया गया था

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सारण जिले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सूचना और नारायणी सेवा संस्थान की निशानदेही पर बिहार के सारण जिले की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आर्केस्ट्रा समूहों पर छापे मार कर छह नाबालिग लड़कियों को शोषण और यातना से मुक्त कराया। इनमें से तीन लड़कियां बिहार की जबकि एक-एक लड़की पश्चिम बंगाल, दिल्ली और नेपाल से ट्रैफिकिंग करके लाई गई थीं। मुक्त कराई गई इन बच्चियों ने बताया कि आर्केस्ट्रा संचालक न केवल उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते थे, बल्कि जबरदस्ती अश्लील गाने पर डांस करवाते थे और मना करने पर प्रताड़ित भी करते थे। मालूम हो कि बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते आर्केस्ट्रा समूहों में ट्रैफिकिंग के जरिए लाई गई नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण और उत्पीड़न को रोकने के लिए उनके नियमन और निगरानी के लिए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। इसके बाद आर्केस्ट्रा समूहों पर सरकार और प्रशासन ने कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है।

## गोरखनाथ विवि के लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का किया शिलान्यास

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : मूर्मू

● **महिला छात्रावास का शिलान्यास :** नए महिला छात्रावास की आधारशिला रखी, इसे नारी सशक्तीकरण की दिशा में अहम कदम बताया।

● **वन महोत्सव में सहभागिता :** राष्ट्रपति ने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर वन महोत्सव का शुभारंभ किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

● **राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पर बल :** महाराणा प्रताप के आदर्शों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रप्रेम व त्याग को प्रेरणास्रोत बताया।

● **विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा :** छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ भारतीय मूल्यों और जनसेवा को अपनाने की अपील



### महिला शिक्षा को बढ़ावा देगा नया छात्रावास: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि मानव शरीर को दोषमुक्त बनाने में पंचकर्म की प्रक्रिया बहुत प्रभावी सिद्ध हुई है। इस क्रिया की सहायता से असाध्य रोगों के सफल उपचार के उदाहरण देखने को मिलते हैं। नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे। उन्होंने कक्षा सात की पढ़ाई पूरी करके मैं सत्र 1970-71 में आठवीं व उसके आगे की पढ़ाई करने के लिए अपने गांव से 300 किमी. दूर भुवनेश्वर गई। 55 वर्ष पहले वह दूरी भी बहुत अधिक थी, क्योंकि तब आवागमन के साधन बहुत सीमित हुआ करते थे। मुझसे पहले मेरे गांव की कोई बालिका बाहर पढ़ने नहीं गई थी। भुवनेश्वर में मुझे महिला छात्रावास में रहने की सुविधा मिली। अब तो बहुत बदलाव आ चुका है। हमारी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं, लेकिन आज भी अनेक बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बेटियों के लिए सुरक्षित आवास न होने से उनकी उच्च शिक्षा की यात्रा में अवरुद्ध होता है। कभी-कभी शिक्षा रुक भी सकती है, इसीलिए विश्वविद्यालय में नए बालिका छात्रावास की स्थापना का निर्णय महिलाओं की उच्च शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान है।

**एजेंसी। गोरखपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तीकरण की दिशा में अमूल्य पहल है। महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्र गौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। यह संस्थान महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनकी परंपरा के अनुरूप गोरक्षपीठ व महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़े सभी संस्थानों, व्यक्तियों (विशेषकर युवाओं) को जनसेवा, शिक्षा तथा भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अगाध श्रद्धा के साथ कार्य करना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर से निकली गौरवशाली शाखाओं में से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी शोभायमान है। विश्वविद्यालय के नए भवन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थी, शिक्षक और अधिक निष्ठा के साथ आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परोपकार व जनहितैषी लक्ष्यों के लिए कार्य करने में निजी उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोरखपुर व आसपास के क्षेत्र में उच्च शिक्षा में योगदान देने वाला यह पहला निजी विश्वविद्यालय है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया था। केवल चार वर्ष में विश्वविद्यालय ने विकास यात्रा में प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। यह संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं रोजगारपरक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस विकास यात्रा में मुख्यमंत्री, विश्वविद्यालय के संस्थापक, कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ का अमूल्य दिशानिर्देश व संबल उपलब्ध रहा है।

## कोलकाता गैंगरेप मामले में बड़ा खुलासा

# लॉ छात्रा को इनहेलर दिया गया ताकि कुकर्म किया जा सके

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में कानून की छात्रा के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने वाले आरोपी ने उसकी पीड़ा कम करने के लिए नहीं, बल्कि उसे पैनिक अटैक के बाद होश में लाने और हमले को लंबा खींचने के लिए इनहेलर खरीदा था, पुलिस ने अदालत को बताया। मुख्य सरकारी वकील ने यह दलील तब दी, जब कोलकाता की अदालत ने तीनों आरोपियों की पुलिस हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील सौरिन घोषाल ने कहा कि जब 24 वर्षीय लॉ छात्रा को पैनिक अटैक आया तो उसे इनहेलर इसलिए दिया गया था क्योंकि वह घबराई हुई थी, लेकिन इसलिए नहीं कि वह ठीक हो जाए और फिर से उसका बलात्कार हो। मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा, जो तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा से जुड़ा हुआ था, और कॉलेज के दो छात्रों सहित चार लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। सरकारी आयोजकों ने कहा कि वे बहुत हताश थे। जब महिला की सांस फूलने लगी, तो उसे इनहेलर दिया गया, उसे होश में लाने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि वह होश में आ जाए और वे उसका यौन शोषण कर सकें। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील ने इस बात से इनकार किया और कहा कि आरोपी ने मानवीय कारणों से उसे इनहेलर खरीदा था, क्योंकि उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

## प्रियांक खड़गे के बयान पर भड़के नकवी, कहा-

# मूर्खों का अड्डा बनती जा रही है कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे के 'आरएसएस पर प्रतिबंध' लगाने वाले बयान पर सियासत जारी है। कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मूर्खों का अड्डा बनती जा रही है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "कांग्रेस पार्टी मूर्खों की बेवकूफी का अड्डा बनती जा रही है। इसका नतीजा यह है कि कांग्रेस बर्बाद हो रही है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में आरएसएस पर सवाल उठाए हैं। वे आरएसएस के खिलाफ बहुत पहले से दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे आरएसएस को बैन करते-करते खुद ही बैन हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी आरएसएस की राष्ट्रवादी सोच और मुहिम को बैन नहीं कर सकती है।" कांग्रेस नेता अजय कुमार द्वारा 'सिक्किम को पड़ोसी देश' बताए जाने पर भी उन्होंने निशाना साधा। भाजपा नेता ने कहा, "कांग्रेस पार्टी बेवकूफों की पार्टी बनती जा रही है, जिस वजह से उनका बंटाधार हो रहा है। उत्तराखंड सरकार के ढाबा और दुकान मालिकों को कांवड़ मार्ग पर नेमप्लेट लगाने के आदेश पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, "कांवड़ मार्ग पर बिरयानी का स्टॉल लगाना न तो जरूरी है और न ही मजबूरी है। कुछ लोग कहते हैं कि वे कांवड़ मार्ग पर चिकन और मटन बिरयानी बेचेंगे, यह न तो जरूरी है और न ही मजबूरी है, बल्कि यह शरारत है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। इक्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

## कृत्रिम बारिश क्यों टली?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कृत्रिम बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग परियोजना का परीक्षण मानसून के कारण स्थगित कर दिया गया है और अब यह 30 अगस्त से 10 सितंबर के बीच किया जाएगा। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश की अनुमति पाने में हम सफल रहे हैं। हम अगस्त के अंत से सितंबर के पहले सप्ताह के बीच इसका परीक्षण करेंगे। हम यह जानने के लिए पांच परीक्षण करेंगे कि क्या यह दिवाली या सितंबर में जमा होने वाले स्मॉग के खिलाफ कारगर हो सकता है। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 4 जुलाई से 11 जुलाई के बीच परीक्षण के लिए मंजूरी दे दी है।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी विस्फोट से ग्रामीण गंभीर

**एजेंसी। बीजापुर**

● **विस्फोट में पैर बुरी तरह जख्मी :** धमाके में विशाल गोटे के पैर के चिथड़े उड़ गए, स्थिति गंभीर बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिराकोंटा-दंपाया के मध्य स्थित जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बुधवार को एक ग्रामीण विशाल गोटे (32 वर्ष) निवासी पेगड़ापल्ली के पैर के चिथड़े उड़ गए। जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बीजापुर एएसपी ने बताया कि अनुसार ग्राम पेगड़ापल्ली निवासी ग्रामीण विशाल गोटे सिराकोंटा-दंपाया के जंगल से फुटू (प्राकृतिक मशरूम) निकालने के लिए गया था। लेकिन उस इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही प्रेशर आईईडी प्लांट कर रखी हुई थी। इस दौरान ग्रामीण का पैर प्रेशर आईईडी पर आ गया, जिससे जोर का धमाका हुआ। प्रेशर आईईडी के विस्फोट में ग्रामीण के पैर के चिथड़े उड़ गए। जिस समय धमाका हुआ उस समय गांव के कुछ और ग्रामीण भी वहां मौजूद थे। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल को पहले मद्देड़ अस्पताल लाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल और फिर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## सोनिया-राहुल पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप की सुनवाई शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने अब बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दैनिक सुनवाई शुरू की। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को हड़पना चाहती थी, जिसकी संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये की थी। एएसजी ने कहा कि यह साजिश कांग्रेस पार्टी के इशारे पर सोनिया और राहुल गांधी ने रची थी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**निविदा रद्ध की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा द्वारा आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-03/2024-25 दिनांक–28.11.2024 (3rd Call) Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basic कार्य जो PR No. 340681 Drinking Water and Sanitation (24-25).D द्वारा प्रकाशित है, Bid validity समाप्त होने के कारण उक्त निविदा को रद्ध किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 356312 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)



**कार्यालय-समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना

शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |
| 2. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 356344 Lohardaga(25-26).D



**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना

शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |
| 2. | DNOद्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 01.07.2025 | 15.07.2025 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 356343 Lohardaga(25-26)#D








● उद्घाटन के लिए सज धज कर तैयार है रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर

नितिन गडकरी को मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता है, इसीलिए तैयारी में कोई कमी ना रह जाए देर रात तक एनएचएआई के कर्मचारी रातू रोड में काम करते रहे।

## नेत्रहीन नाबालिग से पिता और भाईयों ने किया दुष्कर्म

### मां बनी रही मूकदर्शक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रिश्तों को शर्मसार और हैवानियत की हद पार करने वाला एक मामला सामने आया है। बरियातू इलाके में रिश्तों को तार-तार कर पिता और दो भाईयों ने नाबालिग नेत्रहीन के साथ तीन सालों तक दुष्कर्म किया। शर्म की बात ये है कि इस दौरान मां ने भी बेटी की जगह पति और बेटों का साथ दिया और बेटी का गर्भपात कराया। जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस तुरंत एक्शन में आई और पिता के साथ एक भाई और मां को गिरफ्तार किया। दूसरा भाई राज्य के बाहर है, और वो फरार हो गया है। पुलिस इसको भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई में लग गई है। इस घिनौनी मामले में नाबालिग का साथ उसके पड़ोस के एक व्यक्ति ने दी।

नाबालिग ने तीन वर्षो तक कैसे उसके साथ दुष्कर्म हुआ और मां मूकदर्शक बनी रही ये बातें उसने अपनी पड़ोसी को बताई तब जाकर मामला सामने आया। मामले की शिकायत मिलने के बाद बरियातू पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

जांच में पीड़िता के आरोपों की पुष्टि हुई। रांची के एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि नाबालिग का गर्भपात कराया गया था, जिसमें उसकी मां की संलिप्तता थी। पुलिस ने पीड़िता के पिता, एक भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा भाई, जो राज्य से बाहर है उसकी तलाश जारी है। एसएसपी ने बताया कि अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

### मुहर्रम को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुहर्रम के मद्देनजर झारखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क है और राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय तैयारियां की जा रही हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सभी जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मुहर्रम के जुलूसों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**डीजे पर पूरी तरह बैन :** पुलिस ने साफ कर दिया है कि मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति या समूह डीजे का इस्तेमाल करता पाया गया, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलों के एसपी को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि आदेश का सख्ती से पालन हो।

**हाई लेवल मीटिंग में तय हुए सुरक्षा उपाय :** राज्य के पुलिस मुख्यालय में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और जिले के एसपी से बातचीत की। इस दौरान मुहर्रम के जुलूसों और त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिए गए।



**एसपी की जिम्मेदारी तय :** राज्य पुलिस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि मुहर्रम के दौरान कहीं पर भी कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है, तो उस जिले के एसपी को इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा।

### डीजीपी ने कहा - शांतिपूर्ण आयोजन सर्वोपरि

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।" मुहर्रम को लेकर प्रशासन की यह तैयारी राज्य में शांति और सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस द्वारा समय रहते उठाए गए ये कदम किसी भी संभावित तनाव या विवाद की स्थिति को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

## युवा आजसू ने राज्यपाल गंगवार से की मुलाकात झारखंड की शिक्षा व्यवस्था से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अजीत कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात किया। वहीं झारखंड में शिक्षा व्यवस्था और विशेष रूप से खुला विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष कई मांगें रखी। इसमें रांची विश्वविद्यालय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति शीघ्र की जाए। राज्य के चार विश्वविद्यालयों में प्रो-वीसी (प्रो-वाइस चांसलर) की नियुक्ति अविलंब की जाए। सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने हेतु कुलपतियों को निर्देशित किया जाए। सभी छात्रों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू की जाए। राज्य के सभी कॉलेजों में बस सेवा आरंभ की जाए। छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की भारी कमी को अविलंब दूर किया जाए। रांची विश्वविद्यालय का नाम डॉ. रामदयाल मुंडा विश्वविद्यालय किया जाए तथा इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए भारत सरकार से अनुशंसा की जाए। खुला विश्वविद्यालय के लिए स्थायी भवन का निर्माण कराया जाए।खुला विश्वविद्यालय में 2 करोड़ की लागत से डिजिटल स्टूडियो का निर्माण बिना टेंडर के किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाए।



विश्वविद्यालय में किताबों की खरीद में करोड़ों रुपये की अनियमितता की गई है। ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर दिए जा रहे हैं। खुला विश्वविद्यालय का वर्षवार लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए आदि मांगे शामिल है। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश, उज्ज्वल महतो, दीपक महतो, आलिया सिंह, मनीष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान का नाम बदला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। यह कदम संस्थान की उभरती भूमिका और देश भर में महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट, मिशन-संचालित मदद पर अधिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। यह परिवर्तन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के दूरदर्शी नेतृत्व में हुआ है।

4 जुलाई को रांची में एक नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को श्रद्धांजलि है और महिला एवं बाल-केंद्रित विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

नए क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची में नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र में विकेंद्रीकृत, क्षेत्र-विशिष्ट क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह केंद्र न केवल हमारे अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और सहायता तक बेहतर पहुंच प्रदान करके सशक्त करेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर हमारे प्रमुख मिशनों को भी मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में कोई भी महिला या बच्चा पीछे न छूटे।



● सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नाम से जाना जाएगा

## मेडिकल सहायता केंद्र का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री ने किया




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में अब यात्रियों को आपात स्थिति में मेडिकल सहायता मिल सकेगी। आज क्यूरस्टा हॉस्पिटल समूह द्वारा संचालित किए जाने वाले इस मेडिकल सहायता केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। रांची एयरपोर्ट पर सुबह से लेकर देर रात तक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की टीम मौजूद रहेगी। किसी भी यात्री को आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ने पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। रांची एयरपोर्ट पर इस सुविधा का आरंभ होना, यहां प्रतिदिन आवाजाही करने वाले हजारों यात्रियों के लिए अच्छी पहल है। इस अवसर पर एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्या, मनोज सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ मेजर रमेश दास, डॉ सुचिता, डॉ अनुज सहित सभी मेडिकल स्टाफ और एयरपोर्ट के अधिकारी मौजूद रहे।

**सियासत** | संथाल परगना पर भाजपा और झामुमो आमने-सामने

# संथाल परगना को बंगाल बनाना चाहता है झामुमो : आदित्य साहू

- अपनी खिसकती जमीन पार्टी के खिलाफ बढ़ते आक्रोश से हताश और निराश है झामुमो
- सत्तामद में शहीद सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू भी झामुमो को प्यादा दिखते हैं
- झामुमो बताए ...गाय बथान, गोपीनाथपुर का प्रोड्यूसर ,डायरेक्टर कौन है?



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

श्री साहू ने कहा कि झामुमो पूरे संथाल परगना को पश्चिम बंगाल की तरह तुष्टीकरण में बर्बाद करना चाहती है। आज संथाल समाज झामुमो के चाल चरित्र को समझ चुका है। अपनी खिसकती जमीन और राज्य सरकार सके खिलाफ बढ़ते आक्रोश से झामुमो हताश और निराश है। कहा कि जिन शहीदों के नाम पर राजकीय महोत्सव की बात झामुमो कर रही क्या उसमें शहीद के वंशज का कोई सम्मान नहीं होना चाहिए। क्या शहीद के वंशज अपने पूर्वज की पूजा नहीं कर सकते।

कहा कि ये कैसी तानाशाही चला रही हेमंत सरकार जिसमें शहीदों के वंशजों पर लाठियां बरसाई जाए, आंसू गैस के गोले छोड़े जाएं। कहा कि झामुमो अपने कु कृत्यों के बदले माफी न मांग कर उल्टे घटना को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। कहा कि झामुमो सत्ता मद में डूब चुकी है। मानसिक दिवालिया पन ऐसा कि उसे सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू प्यादा दिखाई देने लगे। कहा कि झामुमो बताए रामेश्वर मुर्मू कि हत्या के प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है,कि गोपीनाथ पुर, गाय बथान में आदिवासी परिवारों के साथ घटी घटना के प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन हैं? बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों के हाथों आदिवासी समाज की छिनती जमीन का प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है?

**कहा कि बढ़ते लव जिहाद,लैंड जिहाद का प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है?**

कहा कि झामुमो बताए किसके संरक्षण में घुसपैठियों के आधार कार्ड,राशन कार्ड,वोटर कार्ड धड़ल्ले से बनाए जा रहे। कहा कि बंगाल में झामुमो को हूल दिवस मनाने की स्वीकृति ममता बनर्जी सरकार द्वारा नहीं दिए जाने की बात बड़े गर्व से प्रेसवार्ता में बताने वाले झामुमो नेता बताएं कि वे झारखंड को अपमानित होते क्यों देखते रहे,क्यों उनकी हिम्मत ममता बनर्जी के खिलाफ बोलने की नहीं हुई? कहा कि झारखंड का गठन भाजपा की कोख से हुआ है। भाजपा झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती। कहा कि भाजपा हेमंत सरकार के खिलाफ उठे जनाक्रोश को दिशा देगी। संथाल परगना झामुमो की जागीर नहीं है।

### संथाल को मणिपुर बनने नहीं देंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भोगनाडीह की घटना को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि भाजपा संथाल परगना को मणिपुर की तरह दंगाग्रस्त बनाना चाहती है। बुधवार को पार्टी के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सुप्रियो ने कहा कि भोगनाडीह की घटना अचानक नहीं बल्कि एक पूर्व नियोजित साजिश थी। उन्होंने दावा किया कि इसके पीछे गोड्डा के वर्तमान सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कई शीर्ष नेता शामिल हैं। उन्होंने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने की मांग की। ताकि, घटना से जुड़े सभी तार सामने आ सकें। भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि कोई राजनीतिक कार्यकर्ता आखिर अवैध हथियार लेकर राजकीय कार्यक्रम में क्यों पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोग केवल मोहरे हैं, असली साजिशकर्ता पर्दे के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो, झारखंड को मणिपुर नहीं बनने देगी। शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी।

## न्यूज बॉक्स

### विमल लकड़ा के रक्षा राज्यमंत्री ने की भेंट



**रांची।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के सिर में गंभीर चोट आई है। उनका उपचार रांची में ही क्यूरस्टा हॉस्पिटल में चल रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अस्पताल जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। चिकित्सकों से मिलकर इनके बेहतर इलाज के लिए कहा। अभी उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

### मोबाइल को लेकर हुए विवाद में पत्थर से मारकर मौसा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** जिले के इटकी थाना क्षेत्र के पलमा गांव निवासी उत्तम मलार की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस के अनुसार, उत्तम मलार की हत्या उसके साढ़ू के पुत्र दीपक मलार ने की थी। पुलिस ने मंगलवार को पिस्कानगड़ी थाना क्षेत्र के डोमटोली निवासी दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 27 जून की रात लगभग साढ़े सात बजे की है। मामूली विवाद के बाद दीपक ने उत्तम के सिर पर सिलवट से वार कर हत्या कर दी और चुपचाप फरार हो गया। हत्या के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित की और गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दीपक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर का सिलवट और एक टूटा मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ में दीपक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। छापेमारी टीम में डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी मनीष कुमार, उत्तम कुमार उपाध्याय, देव प्रताप प्रधान, सुमित कुमार, विवेक कुमार दूबे, सुनील मुर्मू, किरण बारला समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

गढ़वा बाईपास उद्घाटन को...

**यातायात व्यवस्था में किया गया परिवर्तन :** गढ़वा बाईपास उद्घाटन कार्यक्रम के कारण गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कल्याणपुर ओवरब्रिज से लेकर हूर ओवरब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। बंशीधर नगर से आने वाले भारी वाहनों को लगमा के पास रोकने की व्यवस्था की गई है, जिसकी निगरानी मेराल थाना प्रभारी को दी गई है। रंका की ओर से आनेवाली बड़ी गाड़ियों को रंका पुल के पास ही रोक दिया जाएगा। चारपहिया वाहन टंडवा की ओर डायवर्ट किए जाएंगे, जबकि शहीद अंजान शरीफ की ओर जाने वाले सभी वाहन मध्या चौक होते हुए गुजरेंगे। फोरलेन मार्ग पूरी तरह वनवे रहेगा और लौटने वाले वाहन झूरा गांव होते हुए शाहपुर सड़क की ओर भेजे जाएंगे। मेराल से अंजान शरीफ की ओर जाने वाले वाहन गढ़वा शहर होते हुए रंका मोड़ व मध्या चौक से होकर गुजरेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस बल के साथ विशेष शाखा की टीमें तैनात रहेंगी। यातायात नियंत्रण में अतिरिक्त पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है।

रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर आज...

इस एलिवेटेड कॉरिडोर की कई खूबियां हैं। एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर एनएचएआई का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें राजभवन के पास बुलेटप्रूफ बैरियर लगा हुआ है। नागा बाबा खटाल से लेकर पुराने बस स्टैंड के समीप तक राजभवन की सुरक्षा को देखते हुए वहां बुलेटप्रूफ बैरियर, साउंडलेस बैरियर और व्यू कटर लगाया गया है। बुलेट प्रूफ बैरियर राजभवन की सुरक्षा करेगा, तो साऊंडलेस बैरियर फ्लाईओवर के आसपास रहनेवाले लोगों को गाड़ी के शोर-शराबे से बचाएगा। इससे न केवल घर, ऑफिस और दुकानों के लोग परेशानियों से बचेंगे बल्कि फ्लाईओवर के आसपास स्थित क्लिनिक, हॉस्पिटल और स्कूल भी वाहनों के शोर-शराबे से डिस्टर्ब होने से बचेंगे।

पूरे कॉरिडोर में गडर स्टील कंपोजिट का इस्तेमाल हुआ है, जो पूरी तरह से सेल में निर्मित लोहे से बना है। यह इसकी मजबूती को और अधिक बढ़ाती है। इसे उठाकर लगाने में आसानी हुई। करीब 180 से 200 टन के वजन को क्रेन से उठाकर आसानी से पिलर पर रखा गया। पूरा कॉरिडोर मजबूत पाइलिंग पर खड़ा है। सुरक्षा के लिहाज से ये काफी मजबूत है। एनएचएआई अपने अधिकांश फ्लाईओवर कॉरिडोर में इसी तकनीक का इस्तेमाल करती है। "रातू रोड निवासियों के लिए यह कॉरिडोर लाइफलाइन जैसा है, जो लोगों को न केवल जाम से मुक्ति दिलाएगा बल्कि उनकी दिनचर्या को भी आसान बनाएगा। जाकिर हुसैन पार्क से लेकर पंडरा ओटीसी ग्राउंड तक एलिवेटेड कॉरिडोर की कुल लंबाई 4 किमी है, जबकि इटकी रोड में पिस्का मोड़ से इसकी लंबाई 600 मीटर है। "पंडरा ओटीसी ग्राउंड से लेकर राजभवन जाकिर हुसैन पार्क तक का सफर अभी करीब 30 मिनट में पूरा होता है। इसके शुरू हो जाने के बाद केवल पांच से सात मिनट में यह दूरी कवर हो जाएगी। लोहरदगा, गुमला, डालटनगंज आदि क्षेत्र से आने वाले एंबुलेंस और वाहन अब जाम में नहीं फंसेगे। "रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे पिलरों में झारखंडी सोहराई पेंटिंग का प्रस्ताव है, जिसे एनएचआई के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद सभी पिलरों पर सोहराई पेंटिंग कराई जाएगी। फ्लाईओवर के नीचे बीचोंबीच खाली पड़े जगह पर मिनी गार्डेन बनाया गया है जिससे नीचे चलने वालों लोगों को एक स्वच्छ वातावरण में आने-जाने का अनुभव होगा। हर पिलर में दो-दो स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं, जो नीचे की सड़क को खूबसूरत बनाते हैं। "कॉरिडोर से बारिश के पानी को पिलर के सहारे नीचे गिराया जा रहा है, फिलहाल अभी उसे एक छोटा टैंक बनाकर एक स्थान पर गिराया जा रहा है। बाद में इससे रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने की भी योजना है।

ब्राउन शुगर गिरोह का...

खदेड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी में युवक के पास से ब्राउन शुगर की पुड़िया बरामद हुई। गिरफ्तार युवक से पूछताछ में अन्य तस्करों की जानकारी मिली, जिसके आधार पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। उनके पास से भी मादक पदार्थ और बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश राज उर्फ आकाश पासवान, बादल साहू, मनित कुमार और छोटू साहू उर्फ जनेश्वर साहू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, छोटू साहू और बादल साहू पर पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इनकी आपराधिक पृष्ठभूमि को खंगालते हुए गिरोह के नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। एसपी हारीश बिन ज़मा ने कहा कि गुमला जिले में नशे के कारोबार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को तेज किया गया है। गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और सप्लाई चैन की तलाश जारी है।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई का...

आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के अलावा कई मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के निधन पर संवेदना प्रकट की है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करें।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

# झारखंड में वर्ल्ड क्लास रोड नेटवर्क
# भारत सरकार का संकल्प





"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट, ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नही होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।" —नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

### शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹285 करोड़)

**मुर्गाताल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹35 करोड़)

### लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹825 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹560 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹100 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹70 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहरः 2:30 बजे**

### शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1330 करोड़)

### लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

### विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

## नितिन गडकरी
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**
**भारत सरकार**
के कर कमलों द्वारा

एवं

## हेमंत सोरेन
**मुख्यमंत्री, झारखंड**
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

CBC 37107/15/0005/2526

### गरिमामयी उपस्थिति

अन्नपूर्णा देवी — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री | संजय सेठ — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री | बाबु लाल मरांडी — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड | रघुवर दास — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड | शिबू सोरेन — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा) | संजय प्रसाद यादव — उद्योग मंत्री, झारखंड | दीपिका पाण्डेय सिंह — पंचायती राज मंत्री, झारखंड | सुदिव्य कुमार — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड | शिल्पी नेहा तिर्की — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड | चमरा लिण्डा — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश | आदित्य प्रसाद | महुआ माजी | प्रदीप कुमार वर्मा | डॉ. सरफराज अहमद | डॉ. निशिकांत दुबे | विजय कुमार हांसदाक | विष्णु दयाल राम | चंद्र प्रकाश चौधरी | दुलू महतो | मनीष जायसवाल | कालीचरण मुंडा | सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह | प्रदीप यादव | नीरा यादव | नमन बिक्सल कोनगाडी | भूषण तिर्की | जिगा सुसरन होरो | मनोज कुमार यादव | उमाकांत रजक | रागिनी सिंह | धनंजय सोरेन | सत्येन्द्र नाथ तिवारी | नरेश प्रसाद सिंह

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial